सुविचार
किसी का अपमान करने से पहले एक बार अवश्य सोचना चाहिए, उसके स्थान पर यदि आप होते तो कैसा लगता।

राजस्थान का तेजी से लोकप्रिय होता अखबार | जयपुर,बुधवार,15 अप्रैल, 2026 | राज्य सरकार से विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

# हमारा समाचार

@hamarasamachar
@hamarasamachar
@hamarasamachar
@hamarasamachar
9461162346

दैनिक | वर्ष - 12 अंक: 316 | प्रातः कालीन | मूल्य: 3.00 रुपए | पृष्ठ: 8 | hamarasamachar02@gmail.com



DISCIPLINE | BEST CHARACTER | BEST RESULTS

*A Quality Education Centre*

# PRINCE
## SCHOOL & FOUNDATION

**An English Medium Co-Educational School**

**ADMISSION OPEN**

**CONVEYANCE & HOSTEL FACILITY**

**SEPARATE CAMPUS FOR ENGLISH & HINDI MEDIUM**

We, at Prince School Jaipur, stand committed to impart quality Education for the holistic development of children and the realization of their potential to the maximum possible extent.




**ADMISSION OPEN FOR CLASS NUR. TO XII (Sci., Ag., Comm. & Arts)**

- JEE / NEET/NDA
- XI, XII Foundation
- VIII, IX & X Pre Foundation
- HOSTEL FACILITY
- NCC / SCOUT/ GAMES
- CONVEYANCE FACILITY



LOOKING FOR A GOOD SCHOOL FOR YOUR CHILD? COME TO OUR PRINCE SCHOOL & FOUNDATION NOT JUST A BUILDING WITH FOUR WALLS THERE IS TOMORROW INSIDE...

**OUR FEATURES :-**

- EXPERIENCED & BEST FACULTY TEAM
- RESULT ORIENTED TEACHING METHODOLOGY
- FOUNDATION AND PRE FOUNDATION CLASSES (NEET, JEE & JET)
- SCOUT AND NCC EDUCATIONAL TOURS
- TRANSPORT & HOSTEL FACILITY
- LAB (SCIENCE, PHYSICS & COMPUTER)

**GOVINDPURA, KALWAR ROAD, JHOTWARA, JAIPUR**

Mob.: 9829457798, 9829446732, 8386836651 • Email : princeschooljaipur7798@gmail.com

## जालोर में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि




हमारा समाचार

**जालोर।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से मंगलवार को राजीव गांधी भवन, जालोर में संविधान निर्माता एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत कांग्रेसजनों द्वारा बाबा साहेब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने से हुई। इस दौरान उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के विचारों को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग और आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष जन अभियोग निराकरण समिति पुखराज पाराशर, जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल, प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित, संगठन महासचिव वीरेन्द्र जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, नगराध्यक्ष मुमताज अली, मंडल अध्यक्ष रमेश सोलंकी सहित कई वरिष्ठ एवं सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा पीर सिंह मालपुरा, लक्ष्मण सिंह सांखला, गीता श्री मेघवाल, महेन्द्र सोनगरा, मिश्रीमल गहलोत, जोगाराम सरगरा, कृष्ण कुमार वनिका, कालूराम मेघवाल, बंशीलाल माली, पुखराज माली, ओमप्रकाश चौधरी, ईश्वर सिंह बालावत, मनीष विश्नोई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामाजिक समरसता और संविधान के मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

## गुरु समाज शिक्षा विकास संस्थान की बैठक संपन्न

### छात्रावास में गर्गाचार्यजी मंदिर और कमरों के निर्माण पर बनी सहमति




हमारा समाचार

जालौर।। गुरु समाज शिक्षा विकास संस्थान, आहोर की कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अमृत लाल गर्ग (गुड़ा बालोतान) ने की, जिसमें समाज हित और संस्थान के विकास से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में मुख्य रूप से समाज के भामाशाहों द्वारा घोषित कमरों के निर्माण के लिए भूमि पूजन और नींव मुहूर्त को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। यह तय किया गया कि जैसे ही तिथि निर्धारित होगी, समाज के समूह में संदेश के माध्यम से सभी सदस्यों को सूचित किया जाएगा। इसके साथ ही छात्रावास परिसर में गर्गाचार्यजी मंदिर निर्माण का प्रस्ताव भी रखा गया, जिस पर उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से सहमति जताई। आगामी भूमि पूजन की तैयारियों और आवश्यक खरीद की जिम्मेदारी सचिव बस्तीमल रोडला के निर्देशन में अशोक रेलिया (गुड़ा), महेन्द्र वेड़िया और इन्द्र प्रकाश काम्बा को सौंपी गई। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि नवीन कार्यकारिणी के सभी सदस्य अपना बकाया शुल्क अगली बैठक तक अनिवार्य रूप से जमा कराएं।

## फुलेरा की सड़कों पर उमड़ा खांडल विप्र समाज का सैलाब

हमारा समाचार

**फुलेरा ।** विप्रोत्सवके पावन अवसर पर मंगलवार को फुलेरा की सड़कों पर केसरिया उत्साह देखने को मिला। खांडल विप्र महासभा शाखा फुलेरा द्वारा आयोजित भव्य वाहन रैली ने समाज की एकजुटता और शक्ति का शंखनाद किया।शाखा के पूर्वअध्यक्ष पंडित नर नारायण जमदग्नि ने बताया कि सांभर में आयोजित मुख्य 'विप्रोत्सव' कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए फुलेरा की युवा शक्ति और मातृशक्ति में भारी उत्साह दिखा ।अध्यक्ष आशुतोष जमदग्नि के नेतृत्व में समाज के बंधु खांडल विप्र भवन में एकत्रित हुए, जहाँ उत्सव मनाने के बाद वाहनों के काफिले के साथ सांभर के लिए प्रस्थान किया गया। इस भव्य रैली और सभा में समाज के वरिष्ठ जनों एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही विप्र सेना तहसील युवा अध्यक्ष बजरंग लाल जोशी, सभापति यादराम जोशी, मोहनलाल माटोलिया एवं सत्यनारायण रिणवा, राम प्रसाद जोशी, कृष्णकांत माटोलिया, मदन लाल रिणवा, कपूरचंद रिणवा, घनश्याम बढ़ाडरा, महेश बढ़ाडरा, दिनेश गोधला, योगेश माटोलिया, देवी लाल रिणवा, श्याम सुंदर माटोलिया, देवकीनंदन रूथला, नरेश रिणवा, नेमीचंद रिणवा, लक्ष्मी नारायण रिणवा। तथा

युवा शक्ति प्रियांशु रिणवा, पार्थ शर्मा, दर्शित रिणवा। और मातृ शक्ति ने मान बढ़ाया। वहीं रैली में महिलाओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया। संपत देवी, विद्या शर्मा, गंगा शर्मा, सुशीला शर्मा, सुशीला माटोलिया, सुमन देवी, सीता देवी, दिव्यांशी खांडल, सुनीता देवी, मंजू देवी, प्रेम शर्मा, चंदा देवी, मंजू रिणवा और बनारसी देवी सहित सैंकड़ों महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर फुलेरा शाखा अध्यक्ष आशुतोष जमदग्नि ने कहा कि 'यह रैली केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारे समाज की एकता का प्रतीक है। हर सामाजिक बंधु और युवा साथी का सहयोग सराहनीय है।आज खांडल विप्र महासभा शाखा फुलेरा ने सांभर विप्रोत्सव के समर्थन में भव्य वाहन रैली निकालकर अपनी एकजुटता का परिचय दिया। समाज की युवा शक्ति और मातृशक्ति का यह जोश वंदनीय है।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की, संविधान की प्रस्तावना का किया वाचन

### राज्य स्तरीय कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण, मुख्यमंत्री ने जिले की मेधावी छात्रा का किया सम्मान

हमारा समाचार

**कोटपूतली ।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर बुधवार को कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता, जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण की उपस्थिति में अधिकारियों एवं कार्मिकों ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों एवं देश निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर सहित उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई गई। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने किया जिले की मेधावी छात्रा का सम्मान इसके




पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार से जिला राज्य स्तरीय कार्यक्रम से जुड़ा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा प्रदेश में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के छात्रावासों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। साथ ही विभाग की सामाजिक सुरक्षा योजना और पालनहार योजना के तहत राशि का सीधे लाभार्थियों के खाते में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया, जिसमे कोटपूतली-बहरोड़ के राजनौता की मेधावी छात्रा दिव्या मीणा को 12वीं कक्षा (विज्ञान संकाय) में अनुसूचित जन जाति वर्ग में सर्वोच्य अंक प्राप्त करने के फलस्वरूप राज्य स्तरीय अम्बेडकर शिक्षा पुरस्कार-2026 से सम्मानित किया गया जिसके तहत प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार राशि प्रदान की गई। जिला कलेक्टर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार आज के भारत में सामाजिक समानता, संवैधानिक नैतिकता, और समावेशी विकास के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। उनके समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांत जाति आधारित भेदभाव को समाप्त करने, महिला सशक्तिकरण, श्रमिक अधिकारों और लोकतंत्र की मजबूती के लिए मार्गदर्शक बने हुए हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा कि डॉ. भीम राव अंबेडकर ने लोकतंत्र को केवल शासन का रूप नहीं, बल्कि जीवन जीने का तरीका माना था।

उन्होंने 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' का नारा देकर शोषितों में आत्मविश्वास और आत्म-गौरव जगाया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा कि डॉ. भीम राव अंबेडकर शिक्षा को सशक्तिकरण का सबसे बड़ा हथियार मानते थे। आत्म-विकास और तार्किक सोच के लिए शिक्षा अनिवार्य है। इस दौरान एसडीएम कोटपूतली जगदीश प्रसाद, आयुक्त नगर परिषद अरुण शर्मा, जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा, समाज कल्याण अधिकारी विपिन, एस ई पीएच ई डी रामनिवास यादव, जिला शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद मीणा, उप निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी सुनील मीणा, एम ई खनन अमीचंद दुहारिया, वन विभगा से सतपाल ढिलान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## युवा मेघवाल विकास परिषद ने बाबा साहब की जयंती मनाई



हमारा समाचार

**कोटा।** युवा मेघवाल विकास परिषद के संभाग अध्यक्ष नरेंद्र मेघवाल के नेतृत्व में अम्बेडकर जयंती पर अदालत चौराहे स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मेघवाल ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों से कोटा में संविधान पार्क बनाया जा रहा है, जिसमें बाबा साहब की 65 फिट ऊंची प्रतिमा स्थापित की जाएगी। संविधान को जानने के लिए डिजिटल लाइब्रेरी रहेगी। इसके लिए मेघवाल ने लोकसभा अध्यक्ष का आभार जताया। इस दौरान युवा मेघवाल परिषद के लोकेश मेघवाल, सचिन मेघवाल, महावीर मेघवाल, बंटी मेघवाल, ओम गांडोलिया, राधेश्याम मेघवाल, राजकमल वर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हज पर जाने वालों का किया भव्य इस्तकबाल

### यह उनके जीवन का एक खास और पवित्र सफर

हमारा समाचार

**कोटा।** कोटा शहर से हज पर रवाना होने से पूर्व जायरीनों का बड़े ही गर्मजोशी और सम्मान के साथ इस्तकबाल किया गया। इस मौके पर परिजनों, दोस्तों और स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया और उनकी खुशहाल व सुरक्षित यात्रा के लिए दुआएं कीं। वरिष्ठ अधिवक्ता अख्तर खान अकेला, कांग्रेस नेता अफजल अंसारी, इरफान घोसी सहित अन्य लोग हज पर जा रहे हैं। 20 अप्रेल से हज पर जाने वालों का सिलसिला शुरू होगा। पूर्व हज कमेटी सदस्य सोनू कुरैशी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक और भावुक रहा। हज यात्रियों ने भी सभी से दुआ की



अपील की और कहा कि यह उनके जीवन का एक खास और पवित्र सफर है। स्थानीय समाजसेवियों और समुदाय के लोगों ने भी इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और यात्रियों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। हज पर जाने वाले लोगों को यात्रा से जुड़ी जरूरी जानकारी और दिशा-निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम का समापन सामूहिक दुआ के साथ हुआ, जिसमें सभी ने देश और समाज में अमन-चैन और तरक्की की कामना की। कोटा से भी बड़ी संख्या में लोग हज पर जाएंगे, उससे पूर्व उनके स्वागत का सिलसिला जारी है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता आबिद कुरैशी, अखील पिंटू सहित कई लोगों ने हज पर जाने वालों का इस्तकबाल किया।

## बाबा साहेब की 135वीं जयंती पर भव्य शोभायात्रा, पुष्पांजलि व प्रतिभाओं का सम्मान

हमारा समाचार

**पावटा।** संविधान निर्माता एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर पावटा कस्बे में विभिन्न कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क रखरखाव समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत अंबेडकर पार्क स्थित बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके विचारों को आत्मसात करने और समानता, शिक्षा व न्याय के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। शाम के समय अंबेडकर पार्क से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो सेन्ट्रल बैंक के सामने मुख्य बस स्टैंड की छोटी पुलिया, सुभाष चौक, घंटाघर, होली चौक होते हुए रानी सती मार्केट से गुजरते हुए पुनः अंबेडकर पार्क पहुंचकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा, महात्मा गौतम बुद्ध व अम्बेडकर की भव्य मूर्ति और घोड़ियों पर सवार बच्चों




की आकर्षक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। कस्बे के विभिन्न स्थानों पर यात्रा का जेसीबी मशीन व स्थानीय लोगों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के समापन पर अंबेडकर पार्क परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान युवाओं को माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम पुलिस जाब्ते के साथ दिनभर मुस्तैदी से गश्त करते नजर आए। इस अवसर पर एडवोकेट स्नेहलता बुनकर, सामाजिक कार्यकर्ता बलवंत मीणा, नित्येन्द्र मानव, धर्मसिंह भैंसलाना, विकास वर्मा, मेहरसिंह धनकड़, जितेन्द्र यादव, गोपाल अग्रवाल, राजेश हाडिया, रामकरण यादव, नरेश कुमार आर्य, रघुवीर वर्मा, रामकिशन जाटावत, मुकेश वर्मा, विकास जाटावत, पवन सौंठवाल, अजय वर्मा, मनोज सौंठवाल, कैलाश वर्मा, मनीष वर्मा, सुशील आर्य, मनीष निमोरिया, शहीद लुहार, शुभम जाटावत, रवि हासिवाल, कमल वर्मा, अंकित जाटव, गन्नीभाई, अंकीत सिंघल, लक्की वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा और रिलायंस जियो की साझेदारीः 'बॉब वर्ल्ड लाइट' का शुभारंभ

हमारा समाचार

**मुंबई।** बैंक ऑफ़ बड़ौदा एवं रिलायंस जियो ने 'बॉब वर्ल्ड लाइट' मोबाइल बैंकिंग ऐप के शुभारंभ हेतु साझेदारी की घोषणा की। यह जियोफोन प्राइमा 4जी डिवाइस पर फीचर फोन उपयोगकर्ताओं के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया पहला व्यापक मोबाइल बैंकिंग ऐप है। यह ऐप बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मौजूदा ग्राहकों के साथ-साथ किसी भी अन्य बैंक के ग्राहकों के लिए भी सरल और सुविधाजनक स्व-पंजीकरण प्रक्रिया के माध्यम से उपलब्ध होगी। डॉ. देबदत्त चांद, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने कहा, 'वर्तमान में 'बॉब वर्ल्ड' मोबाइल बैंकिंग प्लेटफॉर्म रिटेल ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है तथा 'बॉब वर्ल्ड बिज़नेस' मर्चेन्ट, एमएसएमई तथा कॉर्पोरेट ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करता है।' डॉ. सुनील दत्त, अध्यक्ष, रिलायंस जियो इंफोकॉम ने कहा, 'बैंक ऑफ़ बड़ौदा के साथ हमारी साझेदारी लाखों उपयोगकर्ताओं को बड़े पैमाने पर बाधारहित डिजिटल बैंकिंग सुविधा प्रदान करेगी।

## एसडब्ल्यूएलए सीजन 8 में वेडिंग एवं लाइफस्टाइल क्षेत्र की उत्कृष्टता का भव्य सम्मान



हमारा समाचार

**जयपुर।** जयपुर ने एक बार फिर वेडिंग एवं लाइफस्टाइल क्षेत्र के प्रमुख केंद्र के रूप में अपनी पहचान मजबूत करते हुए शुभ वेडिंग एंड लाइफस्टाइल अवॉर्ड्स (एसडब्ल्यूएलए) सीजन 8 के भव्य आयोजन की मेजबानी की। आगरा रोड स्थित एस्थेरिया रिसोर्ट एंड स्पा में आयोजित इस समारोह में उत्कृष्टता, नवाचार और रचनात्मकता का अनूठा संगम देखने को मिला। आयोजक राजन कायस्थ और आरती निर्वाण ने बताया कि कार्यक्रम में पर्यटन, वेडिंग योजना और संबंधित क्षेत्रों के कई प्रतिष्ठित नामों की उपस्थिति रही, जहां विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों के बीच विचार-विमर्श और संपर्क सत्र आयोजित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि ऋतुराज खन्ना तथा विशिष्ट अतिथियों में डॉ. अजय शर्मा, रजत सेठी, सुरेंद्र सिंह शाहपुरा, प्रशांत दुबे, विनीत जैन, सुजाता भंडारी, पी. पी. खन्ना, रजत साहनी और डॉ. शोभा तोमर सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर फेयरमोंट जयपुर, एस्थेरिया रिसोर्ट जयपुर, हिल्टन जयपुर सहित कई प्रतिष्ठानों को सम्मान प्रदान किए गए। वेडिंग योजना और आयोजन सेवाओं में विनीत जैन क्रिएशन्स, प्लानर इंडिया, डेस्टिनेशन विवाह सहित कई संस्थाओं को सम्मानित किया गया।

मनोरंजन और रचनात्मक क्षेत्र से जुड़े कलाकारों और समूहों को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह आयोजन वेडिंग एवं लाइफस्टाइल क्षेत्र में नवाचार, सहयोग और उत्कृष्ट सेवाओं को बढ़ावा देने का प्रभावी मंच साबित हुआ।

कार्यालय ग्राम पंचायत .............. पंचायत समिति रतनगढ़

क्रमांक :– निर्माण / आ.र.डी. / निविदा / 2025–26 / 192 दिनांक : 13/04/26

खुली निविदा सूचना

राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के नियम 181(1) के अन्तर्गत निम्नानुसार कार्यो को करवाये जाने के लिए पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनो में पंजिकृत सक्षम श्रेणी के संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में निम्नानुसार खुली निविदाएं आंमत्रित की जाती है ।

| S.NO | NIB NO | UBN NO |
| --- | --- | --- |
| 1 | ZCR2627A0063 | ZCR2627WSOB00085 |

निविदा से अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्ते WWW.sppp.rajasthan.gov.inपर देखी एवं डाउनलॉड कर प्राप्त की जा सकती है।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत परसनेऊ
पंचायत समिति रतनगढ़

सरपंच / प्रशासक
ग्राम पंचायत परसनेऊ
पंचायत समिति रतनगढ़

M/S WILSHIRE PESTICIDES & FERTILIZER PVT. LTD.

FACTORY AT SURVEY NO. 289, BLOCK NO. 247/1PK/4, UMA ESTATE, VASANA LYVA, SANAND, AHMEDABAD-382170 (GUJART)

दिनांक : 15.04.2026

कृषि एवं सहकारिता विभाग कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी आदेश सं. 2900(ई) दिनांक 24 अक्टूबर 2015 और आज तक के FCO संसाधन के अनुपालन में M/S WILSHIRE PESTICIDES & FERTILIZER PVT. LTD. द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न निर्दिष्टियों के अनुसार नये 100% जल में विलय मिश्रण उर्वरक ग्रेड राजस्थान राज्य में प्रस्तुत कर रहे है।

1) MONO POTASSIUM PHOSPHATE (0:52:34) (100% WATER SOLUBLE FERTILIZER) (SELF)
2) MONO AMMONIUM PHOSPHATE (12:61:0) (100% WATER SOLUBLE FERTILIZER) (SELF)
3) POTASSIUM SULPHATE (0:0:50) (100% WATER SOLUBLE FERTILIZER) (SELF)
4) POTASSIUM NITRATE (13:0:45) (100% WATER SOLUBLE FERTILIZER) (SELF)
5) NPK - (12:11:18) (100% WATER SOLUBLE FERTILIZER) (SELF)
6) NPK - (13:40:13) (100% WATER SOLUBLE FERTILIZER) (SELF)
7) NPK - (19:19:19) (100% WATER SOLUBLE FERTILIZER) (SELF)
8) NPK - (24:24:0) (100% WATER SOLUBLE FERTILIZER) (SELF)
9) NPK - (28:28:0) (100% WATER SOLUBLE FERTILIZER) (SELF)

राजस्थान का तेजी से लोकप्रिय होता अखबार | जयपुर, बुधवार,15 अप्रैल, 2026 | राज्य सरकार से विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

# हमारा समाचार

दैनिक | वर्ष - 12 अंक: 316 | प्रातः कालीन | मूल्य: 3.00 रुपए | पृष्ठ: 8 | hamarasamachar02@gmail.com

@hamarasamachar
@hamarasamachar
@hamarasamachar
@hamarasamachar
9461162346

**सुविचार**
किसी का अपमान करने से पहले एक बार अवश्य सोचना चाहिए, उसके स्थान पर यदि आप होते तो कैसा लगता।

## पानी भी कम और बिजली भी तंग..राजस्थान में क्रायसिस तय

# कमजोर मानसून और बिजली-पानी की 'मांग डबल'.. पीक गर्मी सीजन से पहले ही प्रदेश में 'ट्रिपल ट्रबल'!



**हमारा समाचार**

**जयपुर।** प्रदेश में गर्मी का असर अभी पूरी तरह चरम पर भी नहीं पहुंचा है, लेकिन बिजली और पानी–दोनों ही बुनियादी सेवाओं पर दबाव साफ दिखाई देने लगा है। हर साल की तरह इस बार भी अप्रैल से ही तापमान बढने् के साथ खपत में तेज उछाल दर्ज हो रहा है। और, उस पर ये कि इस बार मौसम विभाग ने भी सामान्य से कम बारिश का अनुमान जताया है यानि कि इस बार गर्मियों में प्रदेशवासियों के लिए ट्रबल डबल होने जा रही है। बिजली क्षेत्र की बात करें तो गर्मी बढ़ते ही एयर कंडीशनर, कूलर और सिंचाई के लिए पंपों के उपयोग में तेजी आती है, जिससे पीक डिमांड अचानक बढ़ जाती है। पिछले वर्षों के ट्रेंड के अनुसार राजस्थान में गर्मियों के दौरान बिजली की मांग सामान्य महीनों की तुलना में काफी अधिक हो जाती है और कई बार रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचती है। यही वजह है कि अप्रैल के मध्य से ही लोड बढने् के संकेत मिलने लगते हैं। ऊर्जा विभाग के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में हर साल पीक डिमांड में लगातार वृद्धि हो रही है और शहरी क्षेत्रों–खासकर जयपुर–में इसका असर सबसे पहले दिखाई देता है। राजधानी में व्यावसायिक गतिविधियां, रिहायशी कॉलोनियां और बढ़ती आबादी बिजली खपत को और बढ़ाती हैं। ऐसे में फीडर स्तर पर लोड मैनेजमेंट और निर्बाध सप्लाई बनाए रखना डिस्कॉम के लिए चुनौती बन जाता है। दूसरी ओर, पानी का संकट भी समानांतर रूप से गहराने लगा है। गर्मी के साथ ही भूजल स्तर में गिरावट और मांग में बढ़ोतरी के कारण कई शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई पर दबाव बढ़ जाता है। जयपुर में बड़ी आबादी अब भी आंशिक रूप से भूजल और टैंकरों पर निर्भर है, जबकि सरकारी सप्लाई सीमित समय के लिए ही उपलब्ध होती है। पानी की खपत में वृद्धि का मुख्य कारण तापमान बढने् के साथ घरेलू उपयोग, कूलिंग जरूरतें और शहरी विस्तार है। विशेषज्ञों का मानना है कि जैसे-जैसे गर्मी बढ़ेगी, कई इलाकों में सप्लाई अंतर (डिमांड बनाम उपलब्धता) और स्पष्ट होगा। यही कारण है कि हर साल गर्मियों में टैंकर आधारित सप्लाई को सपोर्ट सिस्टम के रूप में सक्रिय करना पड़ता है। जयपुर जैसे बड़े शहर में स्थिति और जटिल हो जाती है, जहां तेजी से बढ़ती कॉलोनियां और इंफ्रास्ट्रक्चर का दबाव पहले से मौजूद संसाधनों पर अतिरिक्त भार डालता है। कई क्षेत्रों में पानी की सप्लाई पहले से सीमित है और गर्मी बढने् पर वितरण अंतराल और बढ़ जाते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि बिजली और पानी दोनों संकट आपस में जुड़े हुए हैं। अधिक बिजली खपत का मतलब अधिक जल उपयोग (कूलिंग, पंपिंग), और पानी की कमी होने पर पंपिंग सिस्टम पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे ऊर्जा की मांग और बढ़ती है। कुल मिलाकर, राजस्थान में इस बार गर्मी की शुरुआत के साथ ही यह स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि आने वाले महीनों में बिजली और पानी दोनों ही क्षेत्रों में मैनेजमेंट एक बड़ी चुनौती बनने वाला है। यदि मांग में अपेक्षित वृद्धि के अनुसार तैयारी मजबूत नहीं हुई, तो शहरी क्षेत्रों में कटौती, लो-वोल्टेज और टैंकर निर्भरता जैसी समस्याएं फिर से सामने आ सकती हैं।



### मानसून पूर्वानुमान भी डराने वाला, गर्मी पड़ेगी जोरदार लेकिन मानसून रहेगा कमजोर

इधर, भारत के आधिकारिक मौसम विभाग ने 2026 के मानसून को लेकर जो शुरुआती अनुमान जारी किया है, उसके अनुसार इस साल देश में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना जताई गई है। आईएमडी के लॉन्ग-रेंज फोरकास्ट के मुताबिक, 2026 में कुल मानसून वर्षा लॉन्ग पीरियड एवरेज का लगभग 92 प्रतिशत रहने का अनुमान है। आईएमडी की परिभाषा के अनुसार 96 फीसदी से 104 फीसदी के बीच की बारिश 'सामान्य' मानी जाती है, ऐसे में 92 प्रतिशत स्पष्ट रूप से कमजोर मानसून कैटेगरी में आता है। इस कमजोर मानसून की मुख्य वजह एल-नीनो की संभावना को माना जा रहा है। आईएमडी के अनुसार, मानसून सीजन (जून-सितंबर) के दौरान एल-नीनो विकसित हो सकता है, जो आमतौर पर भारत में बारिश को कमजोर करता है और तापमान बढ़ाता है।

### हर साल 5 से 8 फीसदी बढ़ रही बिजली की मांग

राजस्थान में हर साल गर्मियों से पहले ऊर्जा विभाग और वितरण कंपनियां यह दावा करती हैं कि राज्य में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध है और पीक सीजन के लिए अग्रिम तैयारी कर ली गई है। पिछले वर्षों के आधिकारिक ट्रेंड भी यह बताते हैं कि राज्य की पीक बिजली मांग गर्मियों में लगातार बढ़ते हुए लगभग 16,000 से 17,000 मेगावाट के स्तर तक पहुंच चुकी है और इसमें हर साल करीब 5 से 8 प्रतिशत की वृद्धि देखी जा रही है। यह वृद्धि विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में अधिक है, जहां एयर कंडीशनर, कूलर और व्यावसायिक गतिविधियों के कारण खपत तेजी से बढ़ती है। हालांकि, जमीन पर स्थिति इस दावे से पूरी तरह मेल नहीं खाती। जयपुर जैसे बड़े शहर में जैसे ही तापमान 40 डिग्री के आसपास पहुंचता है, कई इलाकों में वोल्टेज कम होने, फीडर ट्रिपिंग और अस्थायी बिजली कटौती की शिकायतें सामने आने लगती हैं। इसका मुख्य कारण उत्पादन की कमी नहीं, बल्कि वितरण नेटवर्क की सीमित क्षमता है।

### राजधानी के कई क्षेत्रों में मानकों से कम मिल रहा पानी

जलदाय विभाग की ओर से यह कहा जाता है कि जयपुर सहित प्रमुख शहरी क्षेत्रों में बीसलपुर जैसी प्रमुख परियोजनाओं के जरिए पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है और गर्मियों के लिए विशेष प्रबंधन भी तैयार रहता है। सरकारी मानकों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 135 लीटर पानी उपलब्ध कराया जाना चाहिए, जिसे जल आपूर्ति का आदर्श स्तर माना जाता है। लेकिन वास्तविक स्थिति इससे अलग दिखाई देती है। राजधानी के कई हिस्सों में वास्तविक जल आपूर्ति इस मानक से कम रह जाती है और कई इलाकों में यह 70 से 100 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के बीच ही सीमित रहती है। इसके अलावा, शहर के बाहरी और नई विकसित कॉलोनियों में पानी की सप्लाई अक्सर सीमित समय के लिए होती है, कई जगहों पर एक दिन छोड़कर या कम प्रेशर के साथ पानी दिया जाता है। गर्मियों में जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, पानी की मांग तेजी से बढ़ती है और यही अंतर और स्पष्ट हो जाता है। स्थिति को और जटिल बनाता है भूजल पर अत्यधिक निर्भरता। केंद्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट्स के अनुसार राजस्थान के कई इलाके 'ओवर-एक्सप्लॉइटेड' श्रेणी में आते हैं, यानी वहां जितना पानी निकाला जा रहा है, उतना पुनर्भरण नहीं हो पा रहा।

### पीक गर्मी में हाल होंगे बेहाल, तेजी से बढ़ते जयपुर पर पड़ेगा सबसे ज्यादा असर


बिजली और पानी दोनों ही क्षेत्रों में एक समान पैटर्न दिखाई देता है, जहां उपलब्ध संसाधनों और वास्तविक वितरण के बीच स्पष्ट अंतर है। एक ओर सरकार यह दावा करती है कि मांग के अनुरूप व्यवस्था मौजूद है, वहीं दूसरी ओर जमीन पर बढ़ती खपत, तेजी से फैलता शहरी ढांचा और पुराना इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम पर अतिरिक्त दबाव डालता है। गर्मी के महीनों में यह दबाव कई गुना बढ़ जाता है, क्योंकि तापमान बढने् के साथ ही बिजली और पानी दोनों की खपत एक साथ बढ़ती है। बिजली की मांग बढने् से कूलिंग और पंपिंग सिस्टम पर दबाव आता है, जबकि पानी की कमी होने पर भूजल दोहन और मोटर पंप के उपयोग से बिजली खपत और बढ़ जाती है। इस तरह दोनों सिस्टम एक-दूसरे को प्रभावित करते हुए 'डबल प्रेशर' की स्थिति बना देते हैं।

# होर्मुज स्ट्रेट संकट: ईरान-अमेरिका टकराव से बढ़ा वैश्विक तनाव मिसाइल वीडियो से ईरान की चेतावनी

**ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में मिसाइल दागते हुए एक वीडियो जारी कर अमेरिका को कड़ा संदेश दिया। वीडियो के साथ लिखा गया– 'अभी तो ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है**

**हमारा समाचार**

**नई दिल्ली ।** ईरान और अमेरिका के बीच होर्मुज स्ट्रेट में नाकाबंदी को लेकर तनाव बढ़ गया है। मुंबई स्थित ईरानी कॉन्सुलेट ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में ईरान होर्मुज में मौजूद जहाजों पर मिसाइल दाग रहा है और कैप्शन में लिखा है कि 'अभी तो सिर्फ ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है।' इसके साथ ईरान ने अपनी मिसाइल बोट्स की ताकत भी दिखाई। दरअसल अमेरिका ने कल होर्मुज स्ट्रेट में उन जहाजों की नाकाबंदी शुरू कर दी है जो ईरान को टोल दे रहे हैं। वहीं, ईरान का कहना है कि वो बिना टोल लिए जहाजों को यहां से गुजरने नहीं देगा। वहीं चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव को लेकर कहा कि दुनिया को 'जंगल के कानून' (ताकतवर जो चाहे वो करे) वाले हालत में नहीं जाने देना चाहिए। नियम सब पर बराबर लागू होने चाहिए, न कि अपनी सुविधा के हिसाब से। 15 वॉरशिप तैनात- अमेरिका ने नाकाबंदी लागू करने के लिए 15 से ज्यादा युद्धपोत तैनात किए, जिनमें स्स अब्राहम लिंकन और कई डिस्ट्रॉयर शामिल बताए गए हैं। चीन का 4 सूत्री प्रस्ताव- चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मिडिल ईस्ट में शांति के लिए चार सूत्रीय प्रस्ताव देते हुए सभी देशों की संप्रभुता और सुरक्षा का सम्मान जरूरी बताया। ईरान को अरबों का नुकसान- ईरान का दावा है कि अमेरिका और इजराइल के हमलों से उसे करीब 270 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। फिर सीजफायर वार्ता संभव- अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर इस हफ्ते फिर बैठक हो सकती है, इस्लामाबाद और जेनेवा संभावित जगह मानी जा रही हैं। ईरान को अमेरिका पर भरोसा नहीं- ईरान ने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह बातचीत के बजाय अपनी शर्तें थोपना चाहता है और शुरुआत से ही भरोसे के लायक नहीं रहा है।



### पाकिस्तान में अगली ईरान-यूएस सीजफायर वार्ता तय नहीं

ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी इरना के मुताबिक अमेरिका के साथ इस्लामाबाद में सीजफायर वार्ता होगी या नहीं इस पर कुछ भी तय नहीं है। इससे पहले कुछ खबरों में कहा जा रहा था कि अमेरिका और ईरान के अधिकारी फिर से पाकिस्तान में मिल सकते हैं। वहीं एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के अधिकारी आपस में दूसरी बैठक को लेकर बात कर रहे हैं। यह बैठक 21 अप्रैल से पहले हो सकती है।

### इजराइल बोला- लेबनान नहीं, असली समस्या हिजबुल्लाह है

इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने कहा है कि इजराइल और लेबनान के बीच असली समस्या हिजबुल्लाह है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कोई बड़ा विवाद नहीं है, लेकिन हिजबुल्लाह की वजह से तनाव बना हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि इजराइल लेबनान के साथ शांति और सामान्य रिश्ते चाहता है।

### कतर बोला- होर्मुज की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं

कतर ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा को कोई भी देश खतरे में नहीं डाल सकता। कतर के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने कहा कि इस रास्ते को दोबारा खोलने के लिए लगातार दूसरे देशों से बात हो रही है। उन्होंने कहा कि होर्मुज का मामला मिलकर सुलझाना होगा और इसमें आसपास के देशों की बड़ी भूमिका है। इसे खोलने के लिए कोई शर्त नहीं होनी चाहिए। कतर ने यह भी बताया कि पाकिस्तान में अगली बातचीत को लेकर अभी पुष्टि का इंतजार है, लेकिन वह बातचीत के जरिए हल निकालने का समर्थन करता है।

### ईरान बोला- अमेरिका के रवैये से बातचीत फेल हुई

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से फोन पर बात की। उन्होंने कहा कि अमेरिका के सख्त रवैये की वजह से इस्लामाबाद में हुई बातचीत किसी समझौते तक नहीं पहुंच पाई। पजशकियान ने कहा कि धमकी, दबाव और सैन्य कार्रवाई से हालात और खराब होंगे। समस्याओं का हल बातचीत से ही निकल सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यूरोप अमेरिका को अंतरराष्ट्रीय कानून मानने के लिए समझा सकता है और इसमें अहम भूमिका निभा सकता है।

## सम्राट चौधरी होंगे बिहार के नए मुख्यमंत्री:राजभवन पहुंचे



**हमारा समाचार**

**पटना।** सम्राट चौधरी बिहार के नए CM होंगे। उन्हें पहले बीजेपी फिर ND विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। सम्राट राजभवन पहुंचे और राज्यपाल से मिलकर उन्होंने सरकार बनाने का दावा पेश किया। कल 15 अप्रैल को लोकभवन में शपथग्रहण समारोह होगा। इसके साथ ही बिहार में पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री होगा। विधानसभा के सेंट्रल हॉल में NDA की बैठक में नीतीश सम्राट के प्रस्तावक बने। नीतीश ने उन्हें माला पहनाई। विधायकों से ताली बजवाई। सम्राट ने भी पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने कहा, 'मैंने नीतीश जी से राजनीति सीखी है। उनके साथ मैंने काम किया है। उनके समृद्ध बिहार को और आगे ले जाना है। आज नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा दे दिया। वे सम्राट चौधरी और विजय चौधरी के साथ एक ही गाड़ी से राजभवन पहुंचे और राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा। इस्तीफे के बाद उन्होंने X पर लिखा- 'अब नई सरकार यहां का काम देखेगी। नई सरकार को मेरा पूरा सहयोग रहेगा। आगे भी बहुत अच्छा काम होगा, बिहार बहुत आगे बढ़ेगा।'

**जहां तक हो सका बिहार के लिए काम किया**

नीतीश के इस्तीफे से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन नीतीश कुमार से मिलने पहुंचे। उनके साथ सम्राट और बीजेपी के कई सीनियर लीडर्स भी थे। आज नीतीश कैबिनेट की आखिरी बैठक हुई। जहां नीतीश ने कहा - '2005 में मैं सरकार में आया, जहां तक मुझसे हो सका मैंने किया, सरकार को मेरा मार्गदर्शन मिलता रहेगा।'

## कांग्रेस विधायक हाउस अरेस्ट, घर के बाहर पुलिस का पहरा:MLA ने कार्रवाई को बताया तानाशाही



**हमारा समाचार**

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में श्रीकरणपुर से कांग्रेस विधायक रुपिंदर सिंह कुन्नर को प्रशासन ने हाउस अरेस्ट (नजरबंद) कर दिया है। वे 25 बीबी स्थित घर में मौजूद हैं। घर के बाहर भारी पुलिस जाब्ता तैनात है। इधर, घर के अंदर अंबेडकर जयंती का कार्यक्रम रखा गया। इसमें विधायक कुन्नर ने समर्थकों को संबोधित किया। कुन्नर ने इस कार्रवाई को 'तानाशाही' बताया। दरअसल, श्रीगंगानगर-पदमपुर स्टेट हाईवे पर टोल वसूली के खिलाफ लोगों का प्रदर्शन पिछले 42 दिन से जारी है। सोमवार को विधायक कुन्नर समर्थकों के साथ 18 बीबी टोल प्लाजा पहुंचे और धरने पर बैठ गए थे। इसके बाद विधायक और पुलिसकर्मियों के बीच धक्का-मुक्की हुई। देर रात को पुलिस ने कुन्नर और समर्थकों को हिरासत में ले लिया था, लेकिन कुछ समय बाद छोड़ दिया था। वहीं, प्रशासन ने मंगलवार सुबह हाईकोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए टोल को फिर से शुरू करवा दिया। टोल प्लाजा पर भारी पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है।

**अवैध टोल वसूली बंद करने की मांग को दबाने की कोशिश**

विधायक कुन्नर की अपील पर मंगलवार सुबह 10 बजे बड़ी संख्या में किसान, कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग 25 बीबी स्थित उनके घर पर पहुंचे। वहां डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान आगामी आंदोलन की रणनीति बनाई गई। कुन्नर ने कहा कि अवैध टोल वसूली बंद करने की मांग को दबाने की कोशिश की जा रही है। वहीं, प्रशासन का कहना है कि हाईकोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए टोल वसूली जारी रखी है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है।

## पेट्रोल 18 और डीजल 35 महंगा हो सकता है:बंगाल सहित 5 राज्यों में चुनाव के बाद बढ़ सकते हैं दाम

**हमारा समाचार**

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से पेट्रोल18 और डीजल 35 प्रति लीटर तक महंगा हो सकता है। विदेशी ब्रोकरेज फर्म मैक्वायरी की रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रूड ऑयल महंगा होने के बावजूद देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर हैं। इससे कंपनियों को नुकसान हो रहा है। ऐसे में पश्चिम बंगाल सहित 5 राज्यों में चुनाव खत्म होने के बाद कंपनियां दाम बढ़ा सकती हैं।

**हर दिन 1,600 करोड़ का नुकसान झेल रहीं कंपनियां**

कच्चा तेल महंगा होने से कंपनियों को प्रति लीटर पेट्रोल पर 18 रुपए और डीजल पर 35 रुपए का घाटा हो रहा है। पिछले महीने के पीक पर ये तीनों कंपनियां हर दिन करीब 2,400 करोड़ रुपए का नुकसान झेल रही थीं। एक्साइज ड्यूटी में 10 रुपए की कटौती के बाद यह घाटा घटकर 1,600 करोड़ रुपए रह गया है। हर 10 डॉलर के उछाल से नुकसान करीब 6 रुपए प्रति लीटर बढ़ जाता है।



**भारत 88' कच्चा तेल आयात करता है**

भारत अपनी जरूरत का लगभग 88' कच्चा तेल आयात करता है। इसमें से 45' मिडिल ईस्ट और 35' रूस से आता है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें न केवल तेल कंपनियों, बल्कि देश के चालू खाता घाटे (CAD) के लिए भी खतरा हैं। अनुमान है कि 2026 की पहली तिमाही में यह घाटा बढ़कर 20 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।

**9 साल में एक्साइज ड्यूटी 22' से 8' हुई**

सरकारी राजस्व में तेल पर लगने वाली एक्साइज ड्यूटी का योगदान लगातार कम हो रहा है। वित्त वर्ष 2017 में यह 22' था, जो अब घटकर सिर्फ 8' रह गया है। अगर सरकार पूरी एक्साइज ड्यूटी हटा भी दे, तो भी मौजूदा कीमतों पर तेल कंपनियों का घाटा पूरी तरह खत्म नहीं होगा।

**अमेरिका सहित कई देशों ने बढ़ाए पेट्रोल-डीजल के दाम**

अमेरिका में पेट्रोल की औसत कीमतें अगस्त 2022 के बाद पहली बार 4 डॉलर प्रति गैलन से ऊपर पहुंच गई हैं। वहीं पाकिस्तान, नेपाल और श्रीलंका सहित कई पड़ोसी देशों ने भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में इजाफा किया है।

## लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव, महिलाओं को 33% आरक्षण मिलेगा



**हमारा समाचार**

**नई दिल्ली।** सरकार ने 2029 के लोकसभा चुनावों से महिला आरक्षण अधिनियम लागू करने के लिए लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव रखा है। सूत्रों के अनुसार, इनमें से 815 सीटें राज्यों के लिए और बाकी 35 सीटें केंद्र शासित प्रदेशों के लिए प्रस्तावित हैं। वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं। सरकार 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद के विशेष सत्र में 2029 से लोकसभा में 33' महिला आरक्षण लागू करने के लिए संविधान संशोधन विधेयक लाने की योजना बना रही है। सरकार ने मंगलवार को संविधान (131वां संशोधन) बिल, परिसीमन विधेयक (संशोधन) बिल और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल, 2026 ड्राफ्ट सभी सांसदों को भेजे हैं। एक और जरूरी बदलाव जनसंख्या की परिभाषा है। इससे संसद को यह तय करने का अधिकार मिलता है कि सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए किस डेटा को आधार बनाया जाए। इसके लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाने की बात कही गई है।

## चिंतन

# कम पानी वाली फसलों को दी जाए प्राथमिकता

मौसम के बदलते मिजाज ने एक बार फिर दकृषि व्यवस्था के सामने कठिन सवाल खड़े कर दिए हैं। निजी एजेंसी स्काईमैट वेदर के बाद अब सरकारी संस्था भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने भी इस साल मानसून के सामान्य से कम रहने की आशंका जताई है। स्काईमैट जहां 6% और आईएमडी 8% तक कम बारिश का अनुमान दिया है। यह केवल आंकड़ों का खेल नहीं है, इसके पीछे छिपी है ग्रामीण भारत की आजीविका, खाद्य सुरक्षा और महंगाई की संभावित मार। तीन साल बाद पहली बार ऐसी स्थिति बन रही है जब बारिश औसत से कम रह सकती है। इसका सीधा असर हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे कृषि प्रधान राज्यों पर पड़ेगा जहां खेती केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। पिछले वर्ष 2025 में देश ने सामान्य से अधिक वर्षा देखी, लेकिन वह भी राहत नहीं दे सकी। कई क्षेत्रों में अत्यधिक बारिश ने फसलों को बर्बाद कर दिया, खेतों में जलभराव से फसलें गल गईं। अगली फसल के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। यानी समस्या केवल 'कम' या 'ज्यादा' बारिश की नहीं, बल्कि 'असंतुलित' बारिश की है। कुल मिलाकर आने वाला समय खाड़ी युद्ध के बीच आर्थिक और सामाजिक तौर पर चुनौती पेश करने वाला होगा। इस बार कम बारिश के हालात देखते हुए सरकार को पहले से ही तैयार रहना होगा और किसानों को कम पानी वाली उन्नत फसलों को बढ़ावा देने के लिए जागरूक करना होगा। इसके लिए अभी से प्रयास करने होंगे, ताकि समय रहते किसानों को प्रेरित और जागरूक किया जा सके। सरकार फसलों के विविधिकरण के लिए भी अनुदान बढ़ाए और किसानों को उन्नत बीज सस्ते दामों पर उपलब्ध करवाकर राहत प्रदान करे। यही वह समय है जब कृषि नीति में निर्णायक बदलाव की जरूरत है। कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों जैसे बाजरा, ज्वार, दालें और तिलहन को प्राथमिकता देनी होगी। किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए सीधे आर्थिक प्रोत्साहन जैसे अधिक अनुदान, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी और उन्नत बीजों की सुलभ उपलब्धता देनी होगी। जब तक किसान को यह भरोसा नहीं होगा कि कम पानी वाली फसलें भी उसे समान या बेहतर आय देंगी, तब तक बदलाव संभव नहीं। हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों में धान के स्थान पर वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देना अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता बन चुका है। यह बदलाव जितनी जल्दी होगा, उतना ही देश के जल संसाधनों और कृषि अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर होगा। मनरेगा जैसी योजनाओं का भी इस संदर्भ में बेहतर उपयोग किया जा सकता है। गांवों में तालाब, चेक डैम और वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण कर सिंचाई क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। इससे न केवल खेती को सहारा मिलेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट से भी राहत मिलेगी। इसके अलावा, आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई को बड़े पैमाने पर अपनाने की जरूरत है। 'हर बूंद से अधिक फसल' का नारा तभी सार्थक होगा, जब इसे जमीनी स्तर पर लागू किया जाए। कमजोर मानसून का असर केवल खेतों तक सीमित नहीं रहता। यह ग्रामीण मांग को प्रभावित करता है, जिससे पूरे देश की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ता है। खाद्य उत्पादन घटने पर महंगाई बढ़ती है, जिसका बोझ हर नागरिक को उठाना पड़ता है। इसलिए यह मुद्दा केवल किसानों का नहीं, बल्कि पूरे देश का है। कम पानी वाली फसलों को प्राथमिकता देना विकल्प नहीं, बल्कि भविष्य की जरूरत है।



जयंती विशेष

शिवप्रकाश

# बाबा साहेब : दो युग-एक दृष्टि

बाबा साहेब आंबेडकर ने 20 जुलाई 1942 को नागपुर में दलित महिला अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा था, "किसी समाज की प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जाता है कि उस समाज में महिलाओं की प्रगति कितनी है।" 1927 में तथाकथित अस्पृश्यसमाज की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा था कि जिस प्रकार गृहस्थी की समस्याएं पति-पत्नी मिलकर सुलझाते हैं, वैसे ही समाज की समस्याएं भी स्त्री-पुरुषों को मिलकर सुलझानी चाहिए। आप पुरुषों की जन्मदाता हैं। भूमिहीन कृषकों को भूमि दिलाने के लिए किए गए बाबा साहेब के आंदोलन में शांति बाई दाणी, गीता बाई गायकवाड़ तथा मीनल के योगदान को भुलाना भी असंभव है।

भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती को उत्साह के साथ मना रहा है। बाबा साहेब का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। अस्पृश्यता के विरोध में आन्दोलन, संविधान निर्माता, श्रम नीति कर निर्माण, विधि व्यवस्था एवं नारी शक्ति के सशक्तिकरण में उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। लोकतंत्र एवं संविधान के प्रति वह सदैव समर्पित थे। अपने देश की समस्त समस्याओं का समाधान लोकतांत्रिक पद्धति से संविधान द्वारा ही खोजने का आग्रह उन्होंने किया था। स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता के वह सदैव पक्षधर थे । 25 दिसंबर 1952 में बोलते हुए उन्होंने कहा था कि "आज के युग में संपत्ति ही आजादी का अधिकार है। जब तक महिलाओं को संपत्ति में वारिस नहीं माना जाता, तब तक उनकी गुलामी खत्म होने वाली नहीं है।" जिस समय देश बाबा साहेब की जयंती मना रहा है उसी के निकटवर्ती समय में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं लोकतंत्र में 33% भागीदारी के लिए संसद विशेष सत्र बुलाकर "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" के प्रस्ताव को पारित करने की ओर अपने ऐतिहासिक कदम बढ़ा रही है । ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर जीएवं उन सदृश महापुरुषों के सपनों एवं संकल्पों को ही पूर्ण कर रहे हैं ।

भारतीय चिंतन में स्त्री-पुरुष को अलग-अलग देखना यह दृष्टि नहीं रही है। दोनों में एक ही तत्व है । केवल भौतिक शरीर रचना में अंतर दिखाई देता है । इस दृष्टि को समाज में स्थायी बनाने के लिए हमारे ऋषि मुनियों ने स्त्री को आदिशक्ति, अर्धनारीशवर आदि के माध्यम से स्थापित किया था। स्त्री के प्रति सम्मान का भाव "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः" जैसे अनेक वेदमन्त्रो में उदभाषित होता है। वेद में वर्णित अनेक ऋषिकाओं जैसे मैत्रीयी, अपाला, लोपामुद्रा, गार्गी, अदिति आदिने शिक्षा में अपना योगदान दिया। सुशासन एवं समाज सुधार की प्रतीक अनेक महिला बनीं । स्वतंत्रता के आंदोलन में भी अपना योगदान देकर भारतीय महिलाओं ने अपना जीवन उत्सर्ग किया। जिससमय पश्चिमी जगत में स्त्री को वोट का अधिकार एवं समानता का अधिकार दें अथवा न दें, इस विषय पर विवाद चल रहा था, उस समय हमारे संविधान निर्माताओं ने पुरुषों के समान ही महिलाओं को समान मैत्रेयी अधिकार देकर अपने प्राचीन भारतीय दृष्टिकोण का पालन ही किया था। बाबा साहेब आंबेडकर ने 20 जुलाई 1942 को नागपुर में दलित महिला अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा था कि, "किसी समाज की प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जाता है कि उस समाज में महिलाओं की प्रगति कितनी है।"1927 में तथाकथित अस्पृश्यसमाज की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा था कि जिस प्रकार गृहस्थी की समस्याएं पति-पत्नी मिलकर सुलझाते हैं, वैसे ही समाज की समस्याएं भी स्त्री-पुरुषों को मिलकर सुलझानी चाहिए। आप पुरुषों की जन्मदाता हैं।" बाबा साहेब द्वारा भूमिहीन कृषकों को भूमि दिलाए जाने के लिए आंदोलन में शांति बाई दाणी, गीता बाई गायकवाड़ तथा मीनल के योगदान को भुलाना असंभव है। विवाह की आयु 18 वर्ष, एक विवाह को



वैधता, गोद लेने का अधिकार जैसे कानून बनवाना, महिला सशक्तिकरण में बाबा साहेब का महती योगदान है। गर्भवती महिलाओं को प्रसूति अवकाश यह बाबा साहेब की ही देन है। संविधान के अनुच्छेद 14 से 16 में स्त्री-पुरुषों की समानता का अधिकार, नौकरियों में स्त्रियों को समान अधिकार एवं समान वेतन दिलाने में बाबा साहेब की महत्वपूर्ण भूमिका है। हिंदू कोड बिल, जिसमें महिलाओं को तलाक का अधिकार,बहुविवाह से संरक्षण, संपत्ति में पुत्री का पुत्र के समान अधिकार मिलनाजिस पर तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू से उनकी असहमति सभी को ज्ञात है जो उनके मंत्रिमंडल से त्यागपत्र का भी एक कारण बनी थी। केवल हिंदू महिला ही नहीं बाबासाहेब ने मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की भी पुरज़ोर वकालत की थी। बाबा साहेब ने 1928 में ही कहा था कि "राष्ट्रहित में है कि माता को प्रसव-पूर्व एवं पश्चात आराम मिलना चाहिए। भारत का पहला मातृत्व लाभ विधेयक उन्होंने ही प्रस्तुत किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "नारी तू नारायणी" के संकल्प के साथ 2014 से ही महिला सशक्तीकरण के लिए अनेक प्रयास किए। समाज में जागरण के साथ-साथ लिंगानुपात में वृद्धि, समाज में सम्मान, आर्थिक सशक्तिकरण, महिला नेतृत्व आदि की दिशा में वह प्रयास सराहनीय है। मातृशक्ति की कठिनाइयों को समझकर 11 करोड़ शौचालयों का निर्माण जिसका उन्होंने इज्जतघर कहा वह ऐतिहासिक पहल थी। घर तक जल पहुँचाना, प्रधानमंत्री आवास योजना में महिला को मालिकाना हक, बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ अभियान ने न केवल लिंगानुपात में परिवर्तन किया बल्कि बेटी बोझ है की मानसिकता से भी मुक्ति दिलाई है। स्टार्टअप्स, मुद्रा योजना, जनधन खातों में 55% महिला भागीदारी, स्टैंड अप इंडिया, स्वयं सहायता समूह, जिसमें 10 करोड़ से अधिक महिलाओं की सहभागिता है, लखपति दीदी जैसी अनेक योजनाओं से आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाया है। गणतंत्र दिवस की परेड का नेतृत्व, सेना में अवसर,नमो ड्रोन दीदी, ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग महिलाओं द्वारा आदि ने महिलाओं के प्रति सम्मान को बहुगुणित किया है। तीन तलाक से मुक्ति के कानून ने मुस्लिम समाज की महिलाओं में विश्वास जगाने का कार्य किया है ।

नारी केवल मतदान तक सीमित न रहते हुए निर्णय प्रक्रिया में उसका योगदान हो, इस उद्देश्य से 16,17 एवं 18 अप्रैल में संसद एक ऐतिहासिक निर्णय ले रही है । लंबे समय से लंबित यह कानून मोदी सरकार ने 2023 में पास किया था। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 8 अप्रैल 2026 को संविधान संशोधन विधेयक को स्वीकृति प्रदान की है। लोकतंत्र में 33% भागीदारी के लिये संसद की स्वीकृति के बाद यह स्त्री को सशक्तबनाने में सहायक होगा। जिसका परिणाम होगा कि 50% देश की जनसंख्या में सहभागी महिला शक्ति देश के विकास में अपना योगदान दे सकेंगी। भारत रत्न बाबा साहेब आंबेडकर ने 100 वर्ष पूर्व स्त्री के सम्मान का जो सपना देखा था, जिसको संविधान एवं संसद के माध्यम से उन्होंने पूर्ण करने का प्रयास भी किया था, आज 100 वर्षों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसको पूर्ण कर रहे हैं। समस्त विपक्षी दल उनके आह्वान अनुसार "नारी शक्ति वंदन" अधिनियम को पारित करने में सहायक बनें, बाबा साहेब के जन्म दिवस पर यह उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी

सुरों की अमर सरगम

सुनील कुमार महला



# आशा का अविस्मरणीय अनूठा व यादगार सफर

मशहूर पार्श्व गायिका आशा भोसले का 12 अप्रैल 2026 को 92 वर्ष की आयु में 'कार्डियक अरेस्ट' के कारण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया। चेस्ट इंफेक्शन और अत्यधिक थकान के कारण उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। उनके निधन के साथ ही हिंदी सिनेमा का एक स्वर्णिम और सुरम्य अध्याय समाप्त हो गया। 8 सितम्बर 1933 को सांगली (महाराष्ट्र) में जन्मी आशा, महान शास्त्रीय गायक दीनानाथ मंगेशकर की पुत्री और लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। उनके परिवार में उषा मंगेशकर, मीना खाडिकर और हृदयनाथ मंगेशकर जैसे प्रतिभाशाली सदस्य भी संगीत साधना से जुड़े रहे। पिता के असमय निधन के बाद उन्होंने बहुत कम उम्र में ही परिवार की जिम्मेदारियां संभालीं और परिस्थितियोंवश गायन को अपनाया-इसी कारण वे स्वयं को 'एक्सीडेंटल सिंगर' भी कहा करती थीं। उनके निजी जीवन में कई उतार-चढ़ाव आए। उनका पहला विवाह गणपत राव भोसले से हुआ, जो सफल नहीं रहा। बाद में उन्होंने 1980 में प्रसिद्ध संगीतकार आर. डी. बर्मन (पंचम दा) से विवाह किया। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि पंचम दा उनसे लगभग छह वर्ष छोटे थे। वे पहली बार आशा से ऑटोग्राफ लेने आए थे और बाद में विवाह का प्रस्ताव रखा। प्रारंभ में आशा ने इसे अस्वीकार किया, किंतु अंततः यह संबंध जीवन और संगीत-दोनों में अमर सिद्ध हुआ। इस जोड़ी ने हिंदी फिल्म संगीत को अनेक कालजयी गीत दिए। उल्लेखनीय है कि आशा भोसले को फिल्म उमराव जान (1981) की ग़ज़लों के लिए अपना पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त हुआ, जिससे यह सिद्ध हो गया कि वे केवल चंचल या कैबरे गीतों तक सीमित नहीं थीं, बल्कि गंभीर और शास्त्रीय विधाओं में भी उतनी ही समर्थ थीं। इतना ही नहीं, वर्ष 2000 में उन्हें प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार और वर्ष 2008 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उन्होंने एस. डी. बर्मन, ए. आर. रहमान और किशोर कुमार जैसे महान कलाकारों के साथ अनगिनत लोकप्रिय गीत दिए। 62 वर्ष की आयु में फिल्म रंगीला के 'तन्हा तन्हा' और 'रंगीला रे' जैसे गीतों ने यह सिद्ध कर दिया कि उनकी आवाज़ में युवाओं जैसी ऊर्जा आजीवन बनी रही। 'आओ हुजूर तुमको' (फिल्म किस्मत) जैसे गीतों में उनका सहज, बिना रिहर्सल का भाव-संयोजन आज भी मिसाल माना जाता है। गायन के अतिरिक्त उन्होंने अभिनय (एक्टिंग) में भी रुचि दिखाई और 2013 में फिल्म माई से मुख्य अभिनेत्री के रूप में पदार्पण किया। वे उत्कृष्ट पाक-शैली की शौकीन थीं; उनका कहना था कि यदि वे गायिका न होतीं, तो एक बेहतरीन कुक बनतीं। कहते हैं कि उनके हाथ का 'कढ़ाई गोश्त' और 'मछली' किशोर कुमार और आर. डी. बर्मन जैसे दिग्गजों के बीच बेहद लोकप्रिय था। उनके नाम से 'आशा'ज' रेस्टोरेंट श्रृंखला दुबई, कुवैत, बहरीन और यूनाइटेड किंगडम में प्रसिद्ध रही, जो उनकी व्यावसायिक समझ का भी प्रमाण है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ब्रेट ली के साथ उन्होंने-'यू आर द वन फोर मी' गीत गाया। वर्ष 2005 में-' यू हैव स्टोलन माई हर्ट' एल्बम क्रोनोस क्वार्टेट के साथ रिकॉर्ड किया, जो ग्रैमी पुरस्कारों के लिए नामांकित हुआ। यहां यह उल्लेखनीय है कि वे ग्रैमी के लिए नामांकित होने वाली अग्रणी भारतीय गायिकाओं में शामिल रहीं। उन्होंने अंग्रेज़ी, रूसी, मलय और चेक जैसी विदेशी भाषाओं में भी गीत गाए, जिनमें उनका उच्चारण अत्यंत सटीक था। साथ ही, वे मिमिक्री कला में भी निपुण थीं। उनका व्यक्तिगत जीवन भी गहरे दुखों से गुज़रा। वर्ष 2012 में उनकी बेटी वर्षा और 2015 में पुत्र हेमंत का निधन हुआ, जिसने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया। इसके बावजूद उन्होंने कभी अपने चेहरे की मुस्कान और संगीत के प्रति समर्पण को कम नहीं होने दिया। 80 वर्ष की आयु के बाद भी वे मंच पर सक्रिय रहीं, जो उनके अदम्य उत्साह और जीवटता का प्रमाण है। उनका सिग्नेचर लुक-सफेद साड़ी और मोतियों का हार-उनकी सादगी, गरिमा और विशिष्ट पहचान का प्रतीक बन गया। निस्संदेह, आशा भोसले का जीवन केवल एक महान गायिका की जीवनी नहीं, बल्कि संघर्ष, साहस, प्रयोगधर्मिता और आत्मविश्वास की प्रेरक गाथा है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि वे किसी की परछाईं नहीं, बल्कि अपनी अलग पहचान गढ़ने वाली अद्वितीय कलाकार थीं। 'पिया तू अब तो आजा' जैसे चंचल गीतों से लेकर शास्त्रीय ग़ज़लों तक, उनकी आवाज़ ने हर भाव को अमर बना दिया। उनकी सुरमयी विरासत सदैव संगीत प्रेमियों के हृदय में गूंजती रहेगी और आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित व प्रोत्साहित करती रहेगी।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## धन तो कमा लिया, पर क्या आप सफल हैं?



संकलित

दर्शन

सफलता क्या है? वह मुस्कान जो कभी समाप्त न हो, सफलता की निशानी है। ऐसा आत्मविश्वास, जिसे कोई भी हिला न सके वह सफलता का संकेत है। जीवन में निडरता भी सफलता का संकेत है। एक सफल व्यक्ति कभी चोरी नहीं करेगा, क्योंकि वह जानता है कि वह कहीं भी जाए, समृद्धि प्राप्त कर सकता है। जब यह विश्वास होता है कि "मैं कहीं भी समृद्धि प्राप्त कर सकता हूँ", तो वह चोरी, कर-चोरी, भ्रष्टाचार आदि कोई भी ऐसा काम नहीं करेगा जिसका परिणाम अंततः कारागृह हो। खुशी और सफलता एक दूसरे से जुड़ी होनी चाहिए- किसी व्यक्ति को देखिए। क्या वह जीवंत है? क्या उसके अंदर पर्याप्त प्राण (ऊर्जा) है? या वह इतना थका-हारा और टूटा हुआ दिखता है कि किसी काम का नहीं लगता? हो सकता है आपके पास बहुत धन हो, लेकिन आपको मधुमेह (डायबिटीज) है, कोलेस्ट्रॉल है, अनिद्रा है, उच्च रक्तचाप है तब आप सुख-सुविधाओं का आनंद भी नहीं ले पाते। हम अपनी आधी सेहत धन कमाने में खर्च कर देते हैं, और फिर आधा धन सेहत वापस पाने में लगा देते हैं। यह अर्थव्यवस्था का बुद्धिमत्तापूर्ण तरीका नहीं है। खुशी और सफलता एक-दूसरे से जुड़ी होनी चाहिए।प्रतिकूल परिस्थितियों में व्यक्तित्व की परीक्षा : जब कभी व्यक्ति, स्थान या परिस्थितियाँ आपके विपरीत होती हैं, तब मनुष्य अक्सर उनसे प्रभावित होकर स्वयं भी दबाव में आ जाता है। व्यक्तियों परिस्थितियों से घिरकर हम कभी-कभी भीतर से बोझिल महसूस करने लगते हैं। *-श्री श्री रविशंकर*

## सुख-दुख आते रहेंगे, हमें भक्ति नहीं छोड़नी चाहिए




संकलित

प्रेरणा

महाभारत युद्ध खत्म हो गया था। कौरव सेना खत्म हो गई थी और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। जब पांडवों के जीवन में सब ठीक हो गया, तब श्रीकृष्ण ने सोचा कि अब मुझे द्वारिका जाना चाहिए। श्रीकृष्ण ने अपनी इच्छा पांडवों को बताई, सभी भगवान को रोकना चाहते थे, लेकिन वे नहीं रुके। श्रीकृष्ण रथ पर बैठ आगे बढ़े तो सामने कुंती खड़ी थीं। रिश्ते में कुंती श्रीकृष्ण की बुआ थीं। अपनी बुआ को देखकर श्रीकृष्ण रथ से उतरे तो कुंती ने उन्हें प्रणाम किया। ये देखकर श्रीकृष्ण बोले कि आप मेरी बुआ हैं, मेरी माता की तरह हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, लेकिन आज आप मुझे क्यों प्रणाम कर रही हैं? कुंती ने कहा कि कृष्ण, तुम मेरे भतीजे हो, लेकिन मैं ये भी जानती हूं कि तुम भगवान भी हो। मुझे अपना भक्त बनने दो। श्रीकृष्ण ने कहा कि ठीक है। सभी लोग भगवान से कुछ न कुछ मांगते ही हैं, आप भी कुछ मुझसे जो चाहें, वह वरदान मांग सकती हैं। कुंती ने कहा कि मुझे वरदान में दुख दे दो। वरदान में दुख की बात सुनकर श्रीकृष्ण बोले कि आप दुख क्यों चाहती हैं? आपका तो पूरा जीवन ही दुखों में बीता है। कुंती ने कहा कि दुख में तुम बहुत याद आते हो, जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी। सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता नहीं है। मैं हर पल तुम्हारा ही ध्यान करना चाहती हूं, इसलिए दुख मांग रही हूं। श्रीकृष्ण बोले कि ठीक है, जैसी आपकी इच्छा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### शहीदों की याद दिलाता बैसाखी

बैसाखी का पर्व मुख्य तौर पर हिंदुओं और सिक्खों द्वारा मनाया जाने वाला त्योहार है। इसी दिन 13 अप्रैल 1699 को सिक्खों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसलिए इस त्योहार को उत्साह-हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इसके अलावा इसी दिन जलियांवाला बाग हत्याकांड अंग्रेजों की नापाक हरकत को भी याद करवाता है। 13 अप्रैल, 1919 बैसाखी वाले दिन अंग्रेजों ने पंजाब के जलियांवाला बाग में जिस नापाक हरकत को अंजाम देते हुए कई भारतीयों पर गोलियां चलाकर निहत्थे लोगों को मौत की नींद सुलाया था, उसको याद कर अब भी हर किसी की रुह तक कांप जाती है। अंग्रेजों ने अमृतसर में 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग में अपने कायरतापूर्ण काम को अंजाम दिया था। यह अवसर हमें शहीदों की याद दिलाता है।

*- दविन्दर सिंह चावला, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### बलिदानियों को श्रद्धांजलि



जलियांवाला बाग नरसंहार के सभी अमर बलिदानियों को मेरी आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। विदेशी हुकूमत की बर्बरता के खिलाफ उनके अदम्य साहस और स्वाभिमान की गाथा देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करती रहेगी। मैं सभी को नमन करता हूं।

**-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### कविगुरु के सपनों का बंगाल



भाजपा सरकार बंगाल के गरीबों से कटमनी लेने वाली टीएमसी सिंडिकेट को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम करेगी। हिंदुओं के साथ हुई हिंसा और अत्याचार की जांच करेगी। टीएमसी ने 'सोनार बांग्ला' को सिंडिकेट राज बना दिया, भाजपा कविगुरु के सपनों का बंगाल बनाएगी। **-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### ठंडे बस्ते में जाति जनगणना



सरकार अनुच्छेद 334-ए में संशोधन की बात कर रही है। तर्क दे रही है कि जाति जनगणना के नतीजे आने में समय लगेगा, लेकिन बिहार व तेलंगाना ने 6 माह से कम समय में जाति सर्वे पूरा किया है। स्पष्ट है कि सरकार जनगणना को ठंडे बस्ते में डालना चाहती है। **-जयराम रमेश,** कांग्रेस महासचिव

### चीन की शरारती कोशिश




भारत अपने क्षेत्र के हिस्सों को दिए गए फर्जी नामों को खारिज करता है। चीन की ओर से ऐसे नाम तय करना शरारती कोशिश है। झूठे दावे जमीन की हकीकत नहीं बदल सकते। अरुणाचल भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा।

**-रंधीर जायसवाल,** प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

हमारा समाचार

## करंट अफेयर


### पाक के खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो टीम पर हमला



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो टीकाकरण दल की सुरक्षा के लिए तैनात एक सुरक्षा दल पर अज्ञात आतंकवादियों की गोलीबारी में पुलिस के एक कांस्टेबल की मौत हो गई और चार अन्य कर्मी घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने सोमवार को दी। यह घटना हंगू जिले के थाल थानाक्षेत्र में चपरी वजीरान इलाके में प्रांत में पोलियो रोधी अभियान के पहले दिन घटी। लि पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, हमलावरों ने पुलिस दल पर गोलीबारी की, जिसमें एक कांस्टेबल की मौत हो गई और थाल के अतिरिक्त थाना प्रभारी सहित चार अन्य घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों में से तीन हंगू स्थित पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय से संबद्ध हैं। कोहाट के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) इरफान तारिक ने बताया कि पुलिस दल ने जवाबी कार्रवाई की और गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि हालांकि, हमलावर अपने साथियों के शव घटनास्थल से ले गए। घायल सुरक्षाकर्मियों को इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया और हमलावरों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया।

## ऑफ बीट

### बैठने के बजाय खड़े होकर काम करना फायदेमंद है?



आधुनिक समय में हममें से अधिकतर लोग जागते हुए अपना अधिकांश समय बैठकर गुजारते हैं। हाल में एक अनुसंधान में लंबे समय तक बैठने के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों को रेखांकित किया गया है। कई कार्यस्थलों पर 'सिट-स्टैंड' डेस्क सिस्टम को अपनाया गया है, जिस पर आप लंबे समय तक बैठने के नुकसान से बचने के लिए डेस्क को बटन या लीवर दबाकर ऊंचा कर सकते हैं और खड़े होकर काम कर सकते हैं। लेकिन खड़ा होना बेहतर कैसे है? और क्या बहुत अधिक खड़े होने के भी नुकसान हैं? बहुत अधिक बैठने और खड़े होने के जोखिमों के बारे में अनुसंधान क्या कहता है, और क्या 'सिट-स्टैंड' डेस्क में निवेश करना ठीक है। बहुत अधिक बैठने के क्या नुकसान हैं? जो लोग बहुत अधिक बैठते हैं उनमें टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के विकसित होने और उनका जीवन कम होने की आशंका बढ़ जाती है। लंबे समय तक बैठे रहने से मांसपेशियों, हड्डियों में, खासकर गर्दन और पीठ में दर्द संबंधी शिकायत बढ़ जाती है। उन लोगों को अधिक बैठने से और भी ज्यादा नुकसान हो सकता है जो बहुत कम व्यायाम करते हैं या एक मानक स्तर तक शारीरिक गतिविधियां नहीं करते।

## गोटन में बाबा साहेब की 135वीं जयंती पर उमड़ा जनसैलाब



हमारा समाचार

**गोटन।** कस्बे में डॉ भीमराव अंबेडकर बाबा साहेब की 135वीं जयंती उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सर्व समाज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया, जिसमें बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 150 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह के मुख्य अतिथि मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम मेघवाल ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि जेके सीमेंट यूनिट हेड डॉ सचिन गुप्ता ने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान की रचना कर देशवासियों को अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि 'शिक्षा शेरनी का दूध है, जो जितना पिएगा उतना ही दहाड़ेगा', इसलिए लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर निरंतर शिक्षा अर्जित करनी चाहिए। इस अवसर पर गोटन थानाधिकारी सुरेश चौधरी ने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के विचार आज भी समाज को सही दिशा देने में मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि संविधान के माध्यम से बाबा साहेब ने सभी वर्गों को समान अधिकार और न्याय का मार्ग दिखाया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे कानून का सम्मान करें, समाज में भाईचारे को बढ़ावा दें और अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहें। साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षा और अनुशासन के बल पर ही एक सशक्त और विकसित समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में गोटन प्रशासक भंवरलाल जमेरिया, सरपंच संघ अध्यक्ष रामस्वरूप कसवां, पूर्व सरपंच नारायण सिंह राठौड़, माणकचंद सिखवाल, वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष रामपाल जमेरिया, मुस्लिम समाज अध्यक्ष बरकत खान, प्रोफेसर रामेश्वरलाल जमेरिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रवणपाल सिंह राठौड़,विजेंद्र सिंह कच्छवाहा,निसार मोहम्मद,शिवदान राम बापेडिया, लायंस रामप्रकाश जोशी,घनश्याम जमेरिया, श्यामाराम फौजी, राकेश जमेरिया सहित सर्व समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन ने गौतम सिंह राठौड़ ने किया, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को सुचारू और प्रभावी ढंग से संचालित किया। समारोह के अंत में गोटन प्रशासक भंवरलाल जमेरिया ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## कांग्रेस अभाव अभियोग प्रकोष्ठ के गौरीशंकर सैनी जिलाध्यक्ष मनोनीत।

हमारा समाचार



**फुलेरा ।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अभाव अभियोग प्रकोष्ठ की अध्यक्ष योगिता शर्मा ने फुलेरा निवासी गौरी शंकर सैनी को जयपुर ग्रामीण पश्चिम जिला अभाव अभियोग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। उन्होंने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार अभाव अभियोग प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है जिसमें गौरी शंकर सैनी निवासी फुलेरा जो की पूर्व में भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अधीनस्थ कई विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए पार्टी हित में कार्य करते हुए सदैव पार्टी के लिए तत्पर रहे हैं तथा पार्टी ने सैनी पर विश्वास किया है कि जिला स्तर पर जयपुर जिला ग्रामीण पश्चिम अभाव अभियोग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद पर नियुक्त करते हुए उन्हेंशीघ्र ही अपनी कार्यकारिणी बनाकर क्षेत्र में अभाव अभियोग प्रकोष्ठ में कार्य करते हुए जन जन में कांग्रेस के प्रति अलख जगाएंगे एवं पार्टी को मजबूत बनाने में अपना योगदान देंगे। गौरतलब कि गौरीशंकर सैनी को अभाव अभियोग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पर मनोनीत होने पर क्षेत्र के लोगों ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की।

## मातौर बस स्टैंड फायरिंग कांड में 25 हजार का इनामी सहित दो बदमाश गिरफ्तार

हमारा समाचार

**खैरथल-तिजारा।** जिला पुलिस ने समातौर बस स्टैंड पर दिनदहाड़े हुई फायरिंग की वारदात का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी समेत दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त बैलेनो कार भी बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में खैरथल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश प्रमोद उर्फ काला पुत्र भीम सिंह, निवासी मातौर, और 10 हजार रुपये के इनामी बदमाश हितेश पुत्र जितेन्द्र, निवासी मातौर, को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे। एडिशनल एसपी जयासिंह ने बताया 20 मार्च 2026 को मातौर बस स्टैंड पर टोल प्लाजा में हिस्सेदारी और आपसी रंजिश को लेकर प्रमोद उर्फ काला, हितेश और उनके साथियों ने सुखमनहेड़ी निवासी वीरेंद्र राजपूत पर जानलेवा फायरिंग की थी। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए थे। इस संबंध में खैरथल थाने में हत्या के प्रयास और आर्मस एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सामने आया कि मुख्य आरोपी प्रमोद उर्फ काला कुख्यात प्रिंस तेवतिया गैंग से जुड़ा रहा है और पूर्व में दिल्ली पुलिस पर भी फायरिंग कर चुका है। आरोपी हथियारों के बल पर क्षेत्र में दहशत फैलाकर अवैध वसूली और वर्चस्व कायम करना चाहते थे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, अपहरण, आर्मस एक्ट और मादक पदार्थ तस्करी सहित करीब एक दर्जन आपराधिक मामले विभिन्न राज्यों-हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में दर्ज हैं। एडिशनल एसपी जयासिंह ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने 5 टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश शुरू की। करीब 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई और तकनीकी सहायता के आधार पर लगातार दबिश दी गई। आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदलते रहे, जिससे पुलिस को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। अंततः पुलिस ने हितेश को जयपुर के जगतपुरा से और प्रमोद उर्फ काला को कोटा शहर से गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले मामले में साजिश रचने और आर्थिक मदद करने वाले प्रदीप उर्फ कातिया, अनुप सिंह और लखन को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है।

## एसीसी गग्गल में एएसडीसी ने बदली युवाओं की जिंदगी

हमारा समाचार

**हिमाचल प्रदेश।** विविध क्षेत्रों में कार्यरत अदाणी पोर्टफोलियो की कंपनी एसीसी तथा अदाणी फाउंडेशन, एसीसी गग्गल स्थित अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर (एएसडीसी) के माध्यम से मंडी जिले के ग्रामीण युवाओं को कौशल, आत्मविश्वास और रोजगार सहायता प्रदान कर उन्हें भारत के तेजी से बढ़ते रिटेल क्षेत्र में करियर बनाने के अवसर दे रहे हैं। बरोटी की पल्लवी शर्मा और सिहाल के महेश्वर सिंह के लिए यह विश्वास बना अदाणी फाउंडेशन का एएसडीसी, एसीसी गग्गल, जिसने उन्हें केवल कौशल ही नहीं दिया, बल्कि यह एहसास भी कराया कि वे जीवन में बहुत आगे बढ़ सकते हैं। हिमाचल प्रदेश के एक छोटे से जिले के ये दो युवा आज देश की प्रमुख रिटेल चेन में अपना करियर बना रहे हैं।

# श्री कृष्ण छात्रावास में प्रेरक सेमिनार, छात्राओं को ट्रैक सूट वितरण

हमारा समाचार



**कोटपूतली बहरोड ।** कोटपूतली के श्री कृष्ण महिला छात्रावास मे जागरूक सेमिनार का आयोजन हुआ सेमिनार मे छात्राओं को ट्रेक सूट व् मौजे सहित वितरण किये गये। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रजवलित कर किया गया. इस मौके पर प्रदेश के विभन्न जगहों से समाज बंदु पधारे जिन्होंने समाज मे फैली कुर्तीयो को दुर करने व बालिका शिक्षा व बालिका बचाओ पर जोर दिया। कार्यक्रम मे डॉ आर आर यादव पूर्व पीएमओ व गिरधारीलाल गुरूजी पूर्व समाज अध्यक्ष के सानिध्य में आयोजित हुआ। वही कार्यक्रम में एडवोकेट शंकर लाल यादव प्रधान अजीतगढ़ मुख्य अतिथि रहे एवं रामोतार यादव तहसील अध्यक्ष ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम संयोजक प्रवक्ता डॉ रामकरण यादव अवार्डी द्वारा छात्रावास में अध्ययनरत सभी 52 छात्राओं को ट्रैक सूट मय शूज वितरित किए गये। मुख्य अतिथि शंकर प्रधान व अति विशिष् अतिथि शकुंतला यादव जिला अध्यक्ष झुंझुनूं व प्रधान प्रतिनिधि बुहाना द्वारा शिक्षा के प्रति जागरूकता के साथ राज्य की समृद्ध संस्कृति, परंपरा, मान्यताओं और गौरवशाली इतिहास को अपने वैभव तक पहुंचाने के प्रति युवाओं को जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि आने वाली युवा शक्ति को अपनी जड़ों से जोड़ना, परंपरा और लोक-संस्कृति, पारंपरिक नृत्य, संगीत और कला को प्रमुखता तथा युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाना है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और राजस्थानी परंपरा मान्यताओं पर चलते रहेंगे तो हमारे अंदर किसी प्रकार का दोष नहीं आयेगा। डॉ आर आर यादव पूर्व पीएमओ ने जीवन के छः सकारात्मक और छः नकारात्मक बातों को समझाते हुए कहा कि बेहतरीन तरीके से आधुनिक शिक्षा, बदलते हुए तकनीकी परिदृश्य अनुसार शिक्षा प्राप्त कर अच्छे मुकाम हासिल करते हुए एक श्रेष्ठ, अनुशासित, सभ्य और सुसंस्कृत नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में सहयोग करना चाहिए। इससे पूर्व सभी अतिथियों को माल्यार्पण कर राजस्थानी साफा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। साथ ही राजस्थानी परंपरा को जीवंत करते हुए आये हुए सभी प्रबुद्धजनों, महिलाओं को माल्यार्पण के साथ राजस्थानी साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रवक्ता डॉ रामकरण यादव अवार्डी का सभी अतिथियों व उपस्थित महानुभावों द्वारा माल्यार्पण व राजस्थानी साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। क्योंकि ऐसे कार्यक्रम बदलते परिवेश में अवश्यंभावी हो जाते हैं जो वर्तमान युवा पीढ़ी को अच्छे संस्कार और अच्छी शिक्षा के प्रति अग्रसर करते हैं। अध्यक्षता कर रही शकुंतला यादव झुंझुनूं, ने कहा कि महिला शिक्षा को बढ़ावा देना आज सबसे बड़ी चुनौती है जिसे हम सबको मिलकर सहयोग करते हुए भूमिका निभानी है।

अन्य जिलों से एडवोकेट अनिरुद्ध यादव समाज अध्यक्ष नीमकाथाना,सीकर समाज अध्यक्ष हरलाल यादव, जयपुर अध्यक्ष डॉ जगदीश खातोदिया, शाहपुरा समाज अध्यक्ष रामपाल यादव, श्रीमाधोपुर समाज अध्यक्ष भरत यादव, प्रोफेसर बबिता यादव, डॉ किरण यादव तहसील समाज अध्यक्ष रामोतार यादव, पूर्व अध्यक्ष गिरधारीलाल गुरूजी, डॉ आर आर यादव पूर्व पीएमओ, अमित यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

रामकरण खोला, प्रकाश यादव झाड़ावाली, प्रोफेसर सुरेश यादव, लालाराम यादव कोषाध्यक्ष, रघुवीर यादव सरपंच, महेश यादव एडवोकेट अमीलाल, एडवोकेट रामचंद्र, वार्डन सुमन यादव, रामनिवास यादव, रामसिंह यादव, रामजीलाल यादव, राजेन्द्र यादव आदि सहित काफी संख्या में प्रबुद्धजनों महिलाओं छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# सांभर में धूमधाम से मनाई डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती, विभिन्न आयोजन व रैली में उमड़ा जनसैलाब

हमारा समाचार



**सांभरलेक।** डॉ.भीमराव अंबेडकर चेतना समिति सांभरलेक के तत्वावधान में बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती समारोह का शिव वाटिका, अंबेडकर मार्ग, सांभरलेक में समिति अध्यक्ष विनोद दुलारिया की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष मुख्य अतिथि श्रीमान् ऋषिराज कपिल, उपजिला कलेक्टर सांभर लेक एवं विशिष्ट अतिथि बौद्धाचार्य शील सागर द्वारा दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शुभारंभ किया गया। अतिथियों के स्वागत सत्कार के पश्चात समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने वाली 100 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समिति द्वारा इस वर्ष अंबेडकर भवन में अंग्रेजी एवं विज्ञान विषय की सभी वर्गों के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा देने पर शिक्षकों के क्षेत्र में विशेष योगदान देने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समिति के संयोजक प्रोफेसर डॉ ज्ञान प्रकाश दायमा के उद्बोधन के पश्चात मिष्ठान वितरण किया गया। स्टेज कार्यक्रम के पश्चात शाम को डॉ.अंबेडकर सद्भावना रैली को ऋषिराज कपिल उपखंड अधिकारी, बौद्धाचार्य शील सागर,प्रो.डॉ.ज्ञान प्रकाश दायमा, महासचिव नाथूलाल बैरवाल, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर सांभरिया अध्यक्ष विनोद दुलारिया द्वारा जय भीम का नीला झंडा दिखाकर रवाना किया गया। रैली में बाबा साहब की जीवंत झांकी रथ यात्रा आकर्षण का केंद्र रही। रैली का संत रविदास चौक ,नकाशा मोहल्ला, गोवर्धन नाथ जी का मंदिर, खटीकों की हथाई ,छोटा बाजार , मस्जिद, पुराना किला ,बस स्टैंड ,तेली दरवाजा पोस्ट ऑफिस, रैगरों का मोहल्ला में पुष्प वर्षा कर एवं जलपान की व्यवस्था कर भव्य स्वागत किया गया। रैली में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने उत्साह से भाग लिया तथा नांचते गाते हुए अंबेडकर भवन पर रैली का समापन किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन जितेंद्र दुलारिया , अरविंद मेहरडा, बजरंग लाल दोतानियां द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नानकराम गेहनोंलिया , बौद्धाचार्य शीलसागर,प्रताप चंद बासीवाल, कैलाश चंद सांभरिया, व्याख्याता रमेश कुमार बंसीवाल, बजरंग लाल दोतानिया, मोहनलाल गर्वा, दुर्गालाल चौहान,भोजराज तंवर, रामगोपाल देवंदा, निरंजन लाल सूत्रकार, केशरलाल वर्मा,पूर्व पार्षद बालूराम नोगिया, बिंदु बासीवाल, प्रभु दयाल उज्जैनिया, भागचंद सुखरिया, जगदीश नारोलिया, भंवर लाल दुलारिया, राजेश कचावटिया, पुरुषोत्तम चंदेल, मनीष नोगिया, कोमेश नोगिया , कुशाल सकरवाल, मिश्रीलाल बोकोलिया, पुखराज उज्जैनिया,भंवरलाल बंसीवाल, सत्यनारायण सांभरिया, वन्दना वर्मा, मांगीलाल बंसीवाल, शंकरलाल गेहनोलिया,जगदीश प्रसाद सांभरिया , दिनेश बंजारा , गोपाल नोगिया , कालीचरण सैनी, नानकराम गेहलोनिया,गिरधारी गेहनोंलिया, देवेंद्र देवंदा, लक्ष्मीनारायण ,जगन्नाथ ढेनवाल, किरण दुलारिया, जितेन्द्र वर्मा,छिगनलाल गेहलोत,मंजू बंसीवाल, मधु बासीवाल , कृष्णा दोतानिया, नीतू दायमा, शीला ढेनवाल, संगीता बंसीवाल ,आशा गेहनोलिया सहित सैकड़ों लोगों ने जयंती महोत्सव में भाग लिया।

# फुलेरा में आयोजित समारोह में प्रतिभाओं का सम्मान, सामूहिक विवाह का सुझाव बना चर्चा का केंद्र

हमारा समाचार



**फुलेरा ।** जोबनेर रोड स्थित अनुविहार कॉलोनी स्थित सैन समाज भवन में 26 वें सैन जयंती महोत्सव का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भव्यता और सामाजिक सौहार्द के वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि समाज में एकता और संस्कारों का संदेश भी प्रभावी ढंग से प्रसारित किया। समारोह की अध्यक्षता ताराचंद आमेरिया ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में निर्मल कुमावत की गरिमामयी उपस्थिति रही। विशिष्ट अतिथि मदनलाल पडियार, रामेश्वरलाल एवं शक्ति सिंह ने भी समारोह में भाग लेकर आयोजन की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ सैन महाराज के मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों का पारंपरिक तरीके से माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। आयोजन के दौरान सत्संग एवं सुंदरकांड पाठ ने माहौल को भक्तिमय बना दिया, जिसमें समाज के लोगों ने बड़ी श्रद्धा के साथ सहभागिता निभाई। समारोह का एक महत्वपूर्ण आकर्षण 10 वीं व 12वीं कक्षा के मेधावी विद्यार्थियों तथा समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान रहा। कार्यक्रम का कुशल संचालन महेश सैन द्वारा किया गया। पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने अपने उद्बोधन में शिक्षा, एकता और संस्कारों को समाज की उन्नति का आधार बताते हुए युवाओं को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समाज में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने का सुझाव देते हुए कहा कि इससे सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगेगा और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को संबल मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान बालिका श्री सैन द्वारा प्रस्तुत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर आधारित मार्मिक गीत ने सभी को भावुक कर दिया और एक सशक्त सामाजिक संदेश दिया। अंत में सहभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर दुर्गालाल, देवीलाल, रामचंद्र, विष्णु सैन, जीतू कचनार, मालीराम सहित सैकड़ों की संख्या में प्रबुद्धजन एवं मातृशक्ति उपस्थित रही। पूरा आयोजन समाज में एकता, शिक्षा और संस्कारों के महत्व को नई ऊर्जा के साथ स्थापित करने में सफल रहा।

# सायला में डमी व्यक्ति को पेश कर फर्जी रजिस्ट्री कराने के मामले में तीन गिरफ्तार

हमारा समाचार



**जालोर ।** जिले के सायला थाना क्षेत्र में डमी व्यक्ति पेश कर फर्जी रजिस्ट्री कराने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम, पुलिस उप अधीक्षक गौतम जैन के निकटतम सुपरविजन में डमी व्यक्ति को पेश कर फर्जी रजिस्ट्री कराने के दर्ज प्रकरण में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार विनोद कुमार पुत्र नरेन्द्र कुमार जैन ने सायला थाना पर रिपोर्ट पेश की कि उसका खेत सरहद आसाणा में आया हुआ है, जिसकी आरोपी गौतमचंद वगैरा ने मिलकर डमी व्यक्ति पेश कर 13 मार्च 2026 को एग्रीमेन्ट करवाकर 2 अप्रैल 2026 को उपपंजीयन कार्यालय सायला में फर्जी रजिस्ट्री करवाकर अप्रार्थीपक्ष/पीड़ित जबरसिंह वगैरा से 5 करोड़ 41 लाख रूपये धोखाधड़ी करते हुए हड़प लिये है। पुलिस ने थाना सायला में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार अलग-अलग टीमें गठित कर मुख्य आरोपी गौतम चंद लुकड़ पुत्र मांगीलाल जैन निवासी सायला व सह अभियुक्त दौलतराम पुत्र किशनलाल आचार्य निवासी सायला व विशालसिंह पुत्र भवानीसिंह राजपूत निवासी अजीतपुरा पुलिस थाना नोसरा हाल आशापुर्णा वेली नया हाईकोर्ट जोधपुर पुलिस थाना कुड़ी भगतासनी को दिनांक 14 अप्रैल 2026 को दस्तयाब कर बाद अनुसंधान गिरफ्तार किए गए। जिन्हें न्यायालय में पेश कर पीसी रिमाण्ड पर लिया जाएगा। अन्य आरोपियों की तलाश हेतु अलग अलग टीमों द्वारा दस्तयाबी के प्रयास जारी है। जबकि इस मामले में डमी व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं हुई है

## एक महीने बाद भी नहीं चोरी का खुलासा तो पुलिस से उठा विश्वास



हमारा समाचार

**जोरपुरा सुंदरियावास।** जोरपुरा सुंदरियावास में विगत दिनों में हुई चोरी से गांव में पुलिस प्रशासन से मनसा उड़ता जा रहा है। एक माह में भी चोरी का खुलासा नहीं कर पाए और इससे पहले भी कहीं चोरियों हुई पर एक का भी कालवाड़ थाना खुलासा नहीं कर पाया। इसके चलते ग्रामीणों में डर बना हुआ है। कालवाड़ थाने के द्वारा तारीख पर मिली तारीख, लेकिन न चोर पकड़े गए, न माल बरामद किया। अब हर घर से सदस्य होंगे आंदोलन में शामिल।

**पुलिस आयुक्त को दिया ज्ञापन**

जोरपुरा सुंदरियावास में बड़ी चोरी लगभग 80 लाख रुपए की चोरी की वरदात को शीघ्र खुलासा व चोरे गए माल को बरामद किया जाए। 8 मार्च की रात्रि को चिरंजी लाल शर्मा व नरसी शर्मा के घर सहित अन्य 1 मकान में गंभीर चोरी की वारदात हुई। जिस में चिरंजी लाल शर्मा के घर से करीब 80 लाख रुपए से अधिक की चोरी हुई है। जो आज तक चोरी का खुलासा नहीं हुआ। दूसरी ओर क्षेत्र में लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं ओर अब तक हुई चोरियों का नहीं तो खुलासा हुआ है ओर नहीं कोही ठोस कार्रवाई हुई है। पुलिस आयुक्त से अपील की है कि उक्त बड़ी चोरी की वारदात का शीघ्र एवं प्रभावी खुलासा करवाया जाए, प्रकरण में शामिल आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, चोरे गए सोने चांदी के जेवरात नकदी और अन्य सामान की शीघ्र बरामदगी कर मुझे वापस दिलाई जाए, मामले की जांच को उच्च प्राथमिकता पर लेकर आवश्यक होने पर विशेष टीम/ उच्च स्तरीय मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, क्षेत्र में लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस ग्रस्त एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए। लाखों रुपए की चोरी की वारदात का पुलिस तय समय के बावजूद भी खुलासा नहीं कर पाई। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने बताया कि खुलासा नहीं हुआ तो अब मिलकर थाने के बाहर धरने पर बैठेगे। सोमवार की रात को चोरों ने फिर से चोरी करने आए पर जाग होने से चोरी नहीं कर पाए चोर। ग्रामीणों ने बताया कि जोरपुरा सुंदरियावास में पहले की चोरियों का तो खुलासा हुआ ही नहीं ओर चोरों का दिन प्रति दिन हौसले बढ़ते ही जा रहे हैं।

## रतनगढ़ में राम नाम जाप महायज्ञ की हुई बैठक



हमारा समाचार

**रतनगढ़।** शहर के सिद्धपीठ श्री भानीधोरा मंदिर के प्रांगण में गत रविवार की संध्या राम नाम जाप महायज्ञ आयोजन की बैठक मंदिर प्रांगण में हुई। जिसमें बड़ी संख्या में साधकों ने भाग लेकर आगामी समय 3 मई को होने वाले राम नाम जाप आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। साधक हरिशंकर मंगलहारा ने बताया कि आगामी 3 मई 2026 को संत प्रहलादजी महाराज के सानिध्य में भानीधोरा मंदिर प्रांगण में प्रातः 5 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक लगातार राम नाम जाप महायज्ञ का बड़े स्तर पर आयोजन होगा। जिसमें शहर, ग्रामीण सहित अनेक साधक बाहर से भी आकर जाप महायज्ञ में भाग लेंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा बनाते हुए चर्चा में साधक सांवरमल माटोलिया, गोविंदप्रसाद मिटावा, कथा वाचिका कोमलकिशोरी, पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष बाबू इंदौरिया, गिरधारी लाल मंगलहारा, चेतन मंगलहारा, राममनोहर स्वामी, रामगोपाल मुरारका, ओम सारस्वत, ओम मनोहर स्वामी, मुकेश सोनी, दीपक चोटिया, रामरतन प्रजापत, राधेश्याम सोनी, मनोज जोशी, नवीन मंगलहारा, पवन महर्षि, रविशंकर पारीक, बाबूलाल भार्गव, सुमित स्वामी, संपतदेवी सोनी, शांति मंगलहारा, संतोष, सरोज, साक्षी, रुचिका, पूजा सहित बड़ी संख्या में साधक उपस्थित थे और चर्चा में भाग लिया।

## बाबा साहेब की 135वीं जयंती पर पशुपालन विभाग ने मनाया



हमारा समाचार

**फुलेरा।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के पावन अवसर पर पशुपालन विभाग, फुलेरा में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. सुरेशचंद मीना (निदेशक, पशुपालन विभाग, राजस्थान)द्वारा दीप प्रज्वलित कर बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई।समारोह के दौरान विभाग में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले कर्मवीरों का हौसला बढ़ाया गया।

निदेशक डॉ. सुरेश मीना ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को दुपट्टा पहनाकर और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के दिखाए 'शिक्षित बनो और संगठित रहो' के मार्ग पर चलकर ही हम समाज और विभाग को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं।

इस गौरवमयी समारोह में विभाग के दिग्गज चेहरे एक साथ नजर आए, जिनमें शामिल थेःडॉ. रवींद्र मालिक (संयुक्त निदेशक)डॉ.रामजीलाल मीणा (उप निदेशक)डॉ. संजीव कुमार सिंधव(नोडल प्रभारी एवं उप निदेशक, बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय, फुलेरा) फुलेरा नोडल के समस्त समर्पित अधिकारी एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में निर्देशक डॉ सुरेश चंद मीणा ने बताया कि 'बाबा साहेब का जीवन संघर्षों की वह गाथा है जो हमें विषम परिस्थितियों में भी डटे रहने की प्रेरणा देती है।सम्मान समारोह के साथ-साथ निदेशक मीना ने विभागीय प्रगति पर भी चर्चा की।

उन्होंने राजस्थान सरकार द्वारा पशुपालकों के हित में चलाई जा रही जन कल्याण कारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि इन योजनाओं का लाभ प्रदेश के अंतिम छोर पर बैठे पशुपालक तक पहुंचना सुनिश्चित करें।

## बैसाखी पर परनामी मंदिर में भक्ति का उमड़ा सैलाब, तीन दिवसीय उत्सव संपन्न



हमारा समाचार

**जयपुर।** राजापार्क स्थित श्री कृष्ण परनामी मंदिर में बैसाखी पर्व के अवसर पर तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। 'श्याम सुंदर बांसुरी वाले, तू न संभाले तो हमें कौन संभाले...' जैसे भजनों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। 12 अप्रैल को विशाल प्रभात फेरी और धर्म ध्वजा फहराने के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान अखंड पारायण पूजन तथा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। पंचायत प्रधान विजय परनामी ने बताया कि श्री राज श्यामा जी का चंदन, गुलाब और केवड़ा से भव्य अभिषेक किया गया। निवर्तमान पार्षद स्वाति परनामी के निर्देशन में हिंदुत्व आधारित नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। मंदिर समिति अध्यक्ष कमल परनामी ने जानकारी दी कि परनामी संप्रदाय की स्थापना 17वीं शताब्दी में देवचंद्र जी महाराज ने की तथा संत महामति प्राणनाथ जी ने इसका प्रचार-प्रसार किया। यह संप्रदाय प्रेम, एकता और मानवता का संदेश देता है। सचिव हिमांशु तनेजा के अनुसार 'श्री मुखवाणी' पर विशेष चर्चा हुई। करनाल धाम से पधारे श्री श्री 108 जगत राज जी महाराज तथा दिल्ली से पधारी श्री श्री 108 परीम सखी महाराज ने 'मुखवाणी' को ईश्वरीय ज्ञान का स्रोत बताया। महिला मंडल की सदस्यों ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। मध्यान्ह में भंडारे का आयोजन किया गया तथा कार्यक्रम की व्यवस्थाएं विभिन्न कार्यकर्ताओं द्वारा संभाली गईं।

# डॉ. रोहिताश्व शर्मा का सरकार पर हमलाः जेजेएम घोटाले व कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

हमारा समाचार

**कोटपूतली ।** प्रदेश में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के लगभग ढ़ाई वर्षों का कार्यकाल बीत जाने के बाद पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं प्रदेश के कद्दावर नेता डॉ. रोहिताश्व शर्मा ने सोमवार को कोटपूतली के आरटीएम होटल में एक जिला स्तरीय प्रैस वार्ता का आयोजन कर राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। डॉ. शर्मा ने जल जीवन मिशन (जेजेएम) घोटाले को लेकर कई सबूत मीडिया के सामने रखते हुये भजन लाल सरकार पर जमकर निशाने साधे। साथ ही बानसूर समेत नवगठित जिला कोटपूतली- बहरोड़ की विभिन्न जनसमस्याओं, जिले की बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था व नवगठित जिले में व्याप्त सरकारी मशीनरी के भयंकर भ्रष्टाचार को लेकर भी राज्य सरकार को घेरा। डॉ. शर्मा ने कहा कि बानसूर क्षेत्र में सरकारी जमीनों पर कब्जे स्थानीय विधायक की सह पर हो रहे हैं, जगह - जगह चौथ वसूली की जा रही है एवं अरावली की पहाड़ियों में अवैध खनन हो रहा है. तहसील भवन के आसपास ही सरकारी भूमियों पर कब्जे किये जा रहे हैं एवं सवाईचक व गौचर भूमि पर अवैध कॉलोनियों की बसावट हैं। सरकारी अस्पतालों का बुरा हाल हैं, जॉचे अस्पताल के बाहर निजी लैबों पर कमिशन में हो रही हैं। अस्पतालों की मशीनें बंद पड़ी हैं, स्थिति इतनी बिगड़ी हुई है कि रात्रि ड्यूटी में शराब के नशे में धुत डॉक्टर व नर्सिंग स्टुडेंट उपचार करते हैं। जनप्रतिनिधियों के ईशारे पर लोगों को संविदा पर विभिन्न विभागों में लगाया जा रहा हैं। रात्रि के समय में कोई भी अधिकारी मुख्यालय पर नहीं मिलता। बीडीओ के रूप में लगाई गई सुनीता कुमावत को एक ही दिन बाद एपीओ कर दिया गया। ग्राम पंचायत के समय बानसूर में लगभग 01 लाख 50 हजार रूपयों में सफाई होती थी, परन्तु अब नगर पालिका बनने पर 08 लाख रूपयों में भी सफाई नहीं होती एवं कर्मचारी भी तनखाह के लिये भटक रहे हैं। बानसूर ही नहीं नगर परिषद कोटपूतली व बहरोड़ में भी सफाई को लेकर टेंडर प्रक्रिया में कोई पारदर्शिता नहीं है। करोड़ों रूपयों के टेंडर होने के बावजूद भी कोटपूतली जिला मुख्यालय पर सफाई व्यवस्था का बुरा हाल हैं। जगह- जगह कचरे व गंदगी के ढ़ेर हैं एवं सफाईकर्मी अपनी तनख्वाह के लिये आन्दोलन कर रहे हैं। डॉ. शर्मा ने कोटपूतली के ईटली जोहड़ जल भराव की समस्या का उल्लेख करते हुये कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस व भाजपा सरकारों में करोड़ों रूपयों के आवंटन के बावजूद भी इस समस्या का कोई समाधान नहीं निकला हैं, जो कि आमजन के लिये नासूर बन चुकी हैं। डॉ. शर्मा ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था का बुरा हाल हैं। बहरोड़ में भू माफियाओं ने मंदिरों की जमीन पर अवैध रूप से नामांतरण खुलवाकर कॉलोनियां बसा दी हैं। जिले की 06 पंचायत समितियों में कही भी बीडीओ उपलब्ध नहीं हैं। कानून व्यवस्था का बुरा हाल हैं। पुरे जिले में रोजाना चोरी, लूट व डकैती की घटना हो रही हैं। सरकारी भूमियों जैसे गौचर व सार्वजनिक सम्पतियों पर कब्जा आम बात हैं। संविदा कर्मचारियों को तनखाह ना दिया जाना जिला प्रषासन की अकर्मण्यता की ओर ईशारा करता है। नारायणपुर में बालिकाओं के विधालय की खेल मैदान की जमीन पर तहसीलदार ने भूमाफियाओं से मिलकर खातेदारी खोल दी। डॉ. शर्मा ने इन सभी समस्याओं को लेकर जिला कलक्टर से भी संज्ञान लेने की अपील की। साथ ही इनको लेकर जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलने एवं बड़ा जन आन्दोलन खड़ा किये जाने की बात कही। जेजेएम घोटाले को लेकर सबूत रखे प्रैस के सामने :- प्रैस वार्ता के दौरान डॉ. शर्मा ने जल जीवन मिशन (जेजेएम) घोटाले को लेकर एसीडी में दर्ज एफआईआर समेत विभिन्न सबूत प्रैस के सामने रखते हुये राज्य सरकार को घेरा।



डॉ. शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी के नारे ना खाऊंगा, ना खाने दूंगा को केन्द्र व राज्य की डबल इंजन सरकार ने हवा निकाल दी हैं। तमाम सबूत होने के बावजूद भी जेजेएम घोटाले में पर्याप्त कार्यवाही नहीं की गई हैं। उन्होंने सरकार व प्रशासन को कटघरे में खड़ा करते हुये कहा कि इस घोटाले में पीएचईडी विभाग में बड़े स्तर पर अनियमिततायें सामने आई हैं, जहां विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से विभिन्न कम्पनियों ने फर्जी कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र तैयार कर टेंडर हासिल किये। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर विभिन्न फर्मों ने ना केवल टेंडर प्राप्त किये, बल्कि इनके क्रियान्वयन में भी भारी भ्रष्टाचार हुआ। उन्होंने पुरे मामले की निष्पक्ष व उच्च स्तरीय जांच करवाये जाकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग भी की।

## डॉ.भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति विधि व्याख्यान आयोजित

**गरिमा सुनिश्चित करना समय और धर्म पर निर्भर : न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी**

हमारा समाचार

**जयपुर।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा आज अपने प्रथम डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति विधि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में माननीय न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी (अध्यक्ष, विधि आयोग एवं पूर्व न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय) उपस्थित रहे। इस व्याख्यान का शीर्षक ' डाटा, डिग्निटी एंड डेस्टिनीःरी थिंकिंग सोशल जस्टिस इन द एआई ऐरा' रहा। व्याख्यान में माननीय न्यायमूर्ति संजीव प्रकाश शर्मा (कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय), प्रो. (डॉ.) निष्ठा जसवाल (कुलगुरू, डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर) एवं श्री वीरेन्द्र कुमार वर्मा (कुलसचिव, डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर) उपस्थिति रहे। इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए विश्वविद्यालय ने कानोडिया स्कूल लॉ फॉर वीमन, जयपुर को जिम्मेदारी सौंपी। सभी 80 विधि महाविद्यालयों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. (डॉ.) निष्ठा जसवाल द्वारा स्वागत भाषण दिया गया तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विषय में विचार साझा किये। उन्होने अम्बेडकर जी के जीवन और विरासत पर अपने विचार सांझा किए और कहा कि उन्होने मानवीय गरिमा को सर्वोच्च महत्व दिया। उन्होने संविधान को आधुनिक समय की जीती-जागती हकीकत बत्ताते हुए उसे आत्मसात करने को प्रोत्साहित किया। माननीय न्यायमूर्ति संजीव प्रकाश शर्मा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जन्म दिवस पर उनके योगदान को याद किया। उन्होने कहा कि आज के समय में निर्णय लेने में डेटा और एआई महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। उन्होंने कहा कि 'गरिमा हमारे संविधान की आत्मा है, जिसके साथ समझौता नहीं किया जा सकता। 'अपने भाषण में उन्होने इस कथन पर प्रकाश डाला कि 'शिक्षा आजीविका का साधन नहीं बल्कि मुक्ति का एक उपकरण है । मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी ने अपने व्याख्यान में कहा कि 'गरिमा सुनिश्चित करना समय और धर्म पर निर्भर करता है। हमारा भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि आज हम डेटा का उपयोग कैसे करते है। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित संवैधानिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। सामाजिक न्याय केवल एक परिणाम नहीं है, बल्कि एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है जिसके माध्यम से समाज में गरिमा को सुनिश्चित किया जाता है। गरिमा के बिना स्वतंत्रता अधूरी है। उन्होंने कहा कि सामाजिक लोकतंत्र के बिना राजनीतिक लोकतंत्र का अस्तित्व नहीं रह सकता। जब सामाजिक न्याय क्रियाशील होता है, तो यह गरिमा को पुनर्स्थापित करता है। अपने व्याख्यान के समापन की ओर अग्रसर होते हुए उन्होंने कहा कि भारतीयों की प्रामाणिक बुद्धिमता हमारे लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अन्त में श्री वीरेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया।




## युवा क्लाइमेट चेंजमेकर के रूप में उभर रहीं अव्याना मेहता, जयपुर का बढ़ाया गौरव

हमारा समाचार

**जयपुर।** जयपुर की 16 वर्षीय अव्याना मेहता एक उभरती हुई लेखिका, सामाजिक उद्यमी और पर्यावरण संरक्षण की पक्षधर के रूप में तेजी से पहचान बना रही हैं। वह 'प्लास्टिक टू बिल्ड' पहल की संस्थापक हैं, जो युवाओं द्वारा संचालित एक अंतरराष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन है और 17 से अधिक स्थानों पर सक्रिय है। इस पहल के माध्यम से 3,000 किलोग्राम से अधिक प्लास्टिक का पुनः उपयोग किया जा चुका है तथा 150 से अधिक स्वयंसेवकों को जोड़ा गया है। उनकी पहली पुस्तक 'द एफर्ट' में उन्होंने विभिन्न प्रमुख टिकाऊ व्यवसायों और सामाजिक संगठनों की प्रेरक यात्राओं को संवाद के माध्यम से प्रस्तुत किया है। अपने कार्यक्षेत्र को विस्तार देते हुए अव्याना 'सस्टेनिफाई 360' नाम से एक श्रव्य कार्यक्रम भी संचालित करती हैं। इसके साथ ही वह 'प्लास-स्टिक' नामक एक अनुसंधान पहल का नेतृत्व कर रही हैं, जिसमें इमली आधारित छनन तंत्र विकसित किए जा रहे हैं, जो जल से सूक्ष्म प्लास्टिक कणों को



हटाने में सहायक हैं। इसके अतिरिक्त, वह 'ग्रीनलिंक' नामक एक परामर्श सेवा भी चला रही हैं, जो विभिन्न संस्थाओं को पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने में सहयोग देती है। अव्याना संगीत के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं और ओपेरा तथा वायलिन वादन में प्रशिक्षित हैं। वह अपनी रचनात्मकता को सामाजिक जागरूकता के साथ जोड़ते हुए नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बन रही हैं। उनका कार्य यह सिद्ध करता है कि परिवर्तन लाने के लिए उम्र कोई बाधा नहीं होती। उल्लेखनीय है कि जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2026 में वह सबसे कम उम्र की वक्ताओं में शामिल रहीं, जहां उन्होंने 'जलवायु कार्रवाई और ऊर्जा विकल्प' विषय पर अपने विचार साझा किए।

## बाबा साहब के विचार आज भी समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते

**भारतीय दलित साहित्य अकादमी ने मनाई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती**



हमारा समाचार

**कोटा।** भारतीय दलित साहित्य अकादमी ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और बाबा साहब के जयघोष लगाए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता पंकज मेहता थे और अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष व प्रदेश मंत्री भारतीय दलित साहित्य अकादमी के भगवान दास संगत ने की। इस अवसर पर पंकज मेहता ने कहा कि युवाओं को भारतीय संविधान की यात्रा और मूल्यों से परिचित कराना चाहिए। डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और सामाजिक न्याय का प्रतीक है। उनके विचार आज भी समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उनके द्वारा दिया गया संविधान भारत की सबसे बड़ी ताकत है। संगत ने कहा कि सभी में समरसता का भाव और दूरगामी सोच के कारण ही आज भी हम सशक्त और समृद्ध हैं, यह हमारे संविधान की ही ताकत है। इस अवसर पर पूर्व उपाध्यक्ष अरुणा अकोदिया, सुमन लता राजावत, मोहन मेघवाल, परमानंद महावर, दुर्गा प्रसाद पंवार, महेश नाथ, सोनू सिंगोर, लालू सारसर, भरत सिंगोर, रोहित घेघट, देवेन्द्र सिंगोर, सुधीश तंबोली, छीतरलाल मेघवाल, बनवारी लाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## सात्विक सोलर को घरेलू आईपीपी से मिला 108.75 करोड़ का ऑर्डर

हमारा समाचार

**गुरुग्राम।** सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसे एक प्रसिद्ध घरेलू स्वतंत्र बिजली उत्पादक (आईपीपी) से सोलर पीवी मॉड्यूल की आपूर्ति के लिए 108.75 करोड़ रुपये का ऑर्डर प्राप्त हुआ है। इस ऑर्डर का निष्पादन सितंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के सीईओ, प्रशांत माथुर ने कहा, 'यह ऑर्डर हमारी उत्पाद गुणवत्ता और निष्पादन क्षमताओं का एक मज़बूत समर्थन है। जैसे-जैसे भारत अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता विस्तार में तेजी ला रहा है, हम प्रमुख बिजली उत्पादकों के लिए एक भरोसेमंद सप्लाई पार्टनर बनने और देश के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों में सार्थक योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' यह ऑर्डर पावर सेक्टर के खिलाड़ियों द्वारा सात्विक की मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं, उत्पाद गुणवत्ता और समय पर निष्पादन की क्षमता पर बढ़ते भरोसे को दर्शाता है।

## संतों के द्वारा राष्ट्रव्यापी गौ सम्मान आह्वान अभियान का भव्य शुभारंभ

**गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए -अवध बिहारी दास महाराज**

हमारा समाचार

**नीमकाथाना ।** मंडोली ओम शिव गोरक्ष गौशाला मंडोली मे आयोजित सात दिवसीय संगीतमय नानी बाई को मायरो कार्यक्रम के चौथे दिवस पर आयोजीत कथा में कथावाचक रणवीर भाई (शेखावाटी वाले) व बहन मंजू कुमावत कथा सह गायिका ने प्रसंग में मायरा ले जाने के लिए नरसी जी ने भाई बंधुओ को कहा परंतु उन्होंने मना कर दिया फिर नरसी जी अपने दुबले पतले बैलों व टूटी फूटी गाड़ी में साधु संतों को लेकर अंजार की ओर रवाना हुए तथा अगले दिन अंजार पहुंचेंगे नामक कथा सुनाई व कथावाचक रणवीर भाई ने ग्रामवासियों को गौ सेवा का महत्व समझाया, गौ के दूध,गोबर, गौ मूत्र को सबसे शुद्ध बताया व प्रत्येक गौ भक्तों को गाय पालने का आग्रह किया।



कथा में गौ भत्तों को श्री श्री 108 अवध बिहारी दास जी महाराज प्राचीन तपोस्थली, घूघाडी धाम (महावा) ने गौ-माता की महता के बारे में बताएं और 27 अप्रैल को अधिक से अधिक भक्त मिलकर उपखंड अधिकारी व तहसीलदार को हस्ताक्षर अभियान में शामिल होकर गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाने को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। श्री श्री 108 श्री माधवदास जी महाराज नरसिंहपुरी धाम ने भी गौ माता के लिए सनातन धर्म की भाषा में सभी भक्तों को एकजुट होकर ज्ञापन सौंपने की बात कही और गौ माता की सेवा करना ही सर्वोपरि धर्म है ।श्री श्री 108 श्री मंगलगिरि जी महाराज मंडोली आश्रम आदि संतों का सानिध्य प्राप्त हुआ ।

कथा के दौरान संतों के द्वारा राष्ट्रव्यापी गौ सम्मान आह्वान अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया उक्त कथा में सैकड़ों की संख्या में गौ भगतो ने कथा व भजनों का आनंद उठाया।

भामाशाह प्रहलाद यादव मांकड़ी द्वारा 11,000रुपए का सहयोग किया गौशाला समिति ने आए हुए भामाशाहों व महमानों का दुपट्टा व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया अतः सभी सनातन धर्म प्रेमियों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर भगत व भगवान की कथा का श्रवण कर अपने जीवन को सफल बनाएं इस दौरान सैकड़ों गौ भगत व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर कोटा में कार्यक्रम

हमारा समाचार

**कोटा ।** भारत रत्न भीमराव रामजी अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। निवर्तमान पार्षद सलीना शेरी ने कलेक्ट्री चौराहे स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।



इसके बाद किशोरपुरा स्थित कार्यालय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान उपभोक्ता संरक्षण समिति की सलाहकार व हाईकोर्ट एडवोकेट सानिया शेरी ने बाबा साहब के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका मूल संदेश 'शिक्षित बनो, संगठित रहो' आज भी समाज के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान निर्माण कर देश को नई दिशा दी और समाज से छुआछूत, ऊंच-नीच जैसी कुरीतियों को समाप्त करने का कार्य किया। उन्होंने बताया कि बाबा साहब ने दलितों, महिलाओं, गरीबों, किसानों और शिक्षा के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। वहीं, निवर्तमान पार्षद सलीना शेरी ने अपने संबोधन में कहा कि यदि देश बाबा साहब के बनाए संविधान के अनुसार चले तो सभी वर्गों का समान रूप से विकास संभव है। कार्यक्रम में अध्यक्ष फराज अंसारी सलाम खान अनिल पार्थ प्रताप सिंह साहिल शेरी अभिषेक क्षेत्र के नागरिकों व कार्यकर्ताओं ने भी भाग लेकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## राज्यपाल हरीभाऊ बागड़े गुरुवार को जालोर जिले के दौरे पर

हमारा समाचार

**जालोर ।** राजस्थान के माननीय राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े 16 अप्रैल, गुरुवार को जालोर जिले के दौरे पर रहेंगे जहां वे शहीद स्मारक व जालोर नागरिक सहकारी बैंक कार्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। प्राप्त कार्यक्रमानुसार राज्य के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े 16 अप्रैल, गुरुवार को प्रातः 8.45 बजे जयपुर से स्टेट हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर प्रातः 10.20 बजे वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में बनाए गए हेलीपैड पर उतरेंगे। प्रातः 10.25 बजे हेलीपैड से रवाना होकर पुलिस लाइन जालोर के पास स्थित शहीद स्मारक पहुंचेंगे जहां वे शहीद स्मारक का लोकार्पण करेंगे तत्पश्चात् वहां से रवाना होकर प्रातः 10.45 बजे राजेंद्र नगर रोड़ जालोर पर क्लब के पास स्थित जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड कार्यालय पहुंचेंगे तथा बैंक कार्यालय का लोकार्पण करेंगे। इसके उपरांत वे जालोर क्लब सभागार पहुंचेंगे तथा जालोर नागरिक सहकारी बैंक द्वारा आयोजित समारोह में शिरकत करेंगे। दोपहर 12.50 बजे जालोर क्लब से रवाना होकर कॉलेज परिसर में बनाए गए हेलीपैड स्थल पर पहुंचेंगे तथा दोपहर 1 बजे स्टेट हेलीकॉप्टर द्वारा जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## कोटा में बाबासाहेब के 135वें जन्मोत्सव पर रक्तदान शिविर का सफल आयोजन




हमारा समाचार

**कोटा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर के 135वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ब्लड फाउंडेशन (भारत सरकार पंजीकृत) द्वारा कोटा शहर में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 61 यूनिट रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की गई। कार्यक्रम का आयोजन संस्था के प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान क्षेत्र महिपाल सिंह के नेतृत्व में किया गया।शिविर का शुभारंभ नयापुरा थानाधिकारी विनोद कुमार एवं सीआईडी-सीबी थानाधिकारी राजेश जी द्वारा किया गया, जिसमें राजस्थान पुलिस के अधिकारियों और जवानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान एएसआई केसरिया जी सहित कई पुलिस कर्मियों ने रक्तदान कर सराहनीय योगदान दिया शिविर में ब्लड सेंटर कोटा के डॉ. अनंत, नर्सिंग स्टाफ साधना राय एवं अंजुली चौधरी ने भी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए रक्तदान किया। साथ ही पार्षद हुकम चंद बैरवा एवं पुष्पेंद्र द्वारा भी रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम के सफल आयोजन में गणेश बैरवा, जे.के.लोन ब्लड सेंटर कोटा के सुरेंद्र बैरवा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने संयोजक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीआरबीएफ के संस्थापक मनोज कुमार बेरवा उपस्थित रहे। उन्होंने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताया। विशेष पहल के तहत, रक्तदान करने वाले सभी प्रतिभागियों को संस्था की ओर से एक-एक पौधा भेंट किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। यह पहल 'एक पहल इंसानियत की और' को आगे बढ़ाते हुए बीआरबीएफ द्वारा की गई सराहनीय पहल रही इसी अवसर पर संस्था की वेबसाइट का ऑल इंडिया स्तर पर लॉन्च किया गया, जिसके तहत कोटा शहर में भी लोगों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की जानकारी दी गई, ताकि जरूरत पड़ने पर रक्त की उपलब्धता आसानी से सुनिश्चित की जा सके कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना रहा। इस सफल आयोजन ने समाज में सेवा, एकता और पर्यावरण संरक्षण का सकारात्मक संदेश दिया।

## टाटा स्मॉल कैप फंड में एकमुश्त निवेश की सुविधा फिर से शुरू

हमारा समाचार

**मुंबई।** टाटा म्यूचुअल फंड ने टाटा स्मॉल कैप फंड में 'लम्पसम' (एकमुश्त) और 'स्विच-इन' आवेदनों के माध्यम से सभी नए निवेशों को फिर से शुरू करने की घोषणा की है। फंड हाउस ने स्मॉल-कैप सेगमेंट में पैसे के सही इस्तेमाल और लिक्विडिटी बनाए रखने के लिए एकमुश्त निवेश बंद कर दिया था, इस रोक को अब हटा दिया गया है। यह अपडेट भविष्य के निवेशों पर प्रभावी रूप से लागू होगा और फंड के स्कीम इंफॉर्मेशन डॉक्यूमेंट और की इंफॉर्मेशन मेमोरेंडम का अभिन्न हिस्सा बना रहेगा।

टाटा एसेट मैनेजमेंट के चीफ बिज़नेस ऑफिसर, आनंद वरदराजन ने कहा, 'निवेश फिर से शुरू करने का निर्णय यह दर्शाता है कि हमें मौजूदा बाज़ार के अवसरों और मज़बूत व टिकाऊ कंपनियों को चुनने की अपनी क्षमता पर विश्वास है।

## आई-स्टार्ट प्रोजेक्ट के तहत एलबीएस पीजी कॉलेज बनेगा नवाचार का केंद्र

हमारा समाचार

**कोटपूतली।** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के आई स्टार्ट प्रोजेक्ट के तहत यहां के राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय स्थित जिला इन्क्यूबेशन सैंटर युवाओं और विद्यार्थियों के लिये उद्यमिता का नया केंद्र बनकर उभरा है। इस पहल के माध्यम से क्षेत्र के उभरते स्टार्टअप्स को मेंटरशिप, तकनीकी अवसर और बिजनेस डेवलपमेंट सपोर्ट देकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। अब तक जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में 90 जागरूकता सत्र आयोजित किये जा चुके हैं, जिनसे 2200 से अधिक छात्र लाभान्वित हुये हैं। इन्क्यूबेशन सैंटर में अब तक 16 स्टार्टअप पंजीकृत हैं, जिनके नाम श्री एस्ट्रोलॉजी, नेत्रा श्री पीडियाट्रिक थेरेपी, गर्वित एनिमल फीड, वंशिका आयुर्वेदा, सांवरिया वेस्ट टू वेल्थ, इकोस्टोन, आशीष आयुर्वेदा, थे गोबर गणेश मशीन मैन्युफेक्चरर्स एंड सप्लायर, कैरवी, नेहेंद्रा नेचुरल फूड प्रोडक्ट, पुरीविता ज्यूसी गार्डन, वंदे भूजल बैंक आदि है, जिनमें से 13 को स्वीकृति मिल चुकी है। उप निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी सुनील मीणा ने बताया कि योजना के तहत चयनित स्टार्टअप्स को उनके आइडिया और स्केल-अप स्टेज के आधार पर 2.4 लाख से 10 लाख रुपये तक का अनुदान दिया जाता है। हाल ही में स्टार्टअप सांवरिया वेस्ट टू वेल्थ को 2.4 लाख रुपये के अनुदान की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

## डॉ. अंबेडकर जयंती पर भव्य शोभायात्रा, पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन



हमारा समाचार

**जोबनेर।** भारत के संविधान निर्माता, महान चिंतक एवं समाज सुधारक डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती जोबनेर कस्बे में हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। डॉ. अंबेडकर विचार मंच समिति, जोबनेर के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष सुनील सुखरिय की अध्यक्षता में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। समिति के उपाध्यक्ष दीपेश जाजोरिया ने बताया कि यह शोभायात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए अंबेडकर भवन पहुंची, जहां समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। शोभायात्रा के दौरान पूरे कस्बे में उत्साह का माहौल देखने को मिला। विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर सर्व समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई, जिससे कार्यक्रम सामाजिक एकता और समरसता का प्रतीक बन गया। समारोह में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे और बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## नवीन शर्मा कोटा शहर जिलाध्यक्ष मनोनीत

हमारा समाचार



**कोटा ।** राष्ट्रीय मानवाधिकार, पर्यावरण सुरक्षा एवं भ्रष्ट्राचार निवारण संगठन के संभागीय अध्यक्ष श्याम मनोहर हरित ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बालूसिंह झाला की अनुमति से कोटा शहर जिलाध्यक्ष पद पर राजकुमार विजय् को स्वास्थ्य कारणों से संगठन में कार्य नही कर पाने के कारण पदमुक्त करते हुए नये जिलाध्यक्ष पद पर नवीन शर्मा को मनोनीत किया है । श्याम मनोहर हरित ने नवीन शर्मा को पन्द्रह दिवस के अन्दर अपनी जिला कार्यकारणी बनाने के लिए कहा है, उन्होने बताया कि हमारा संगठन किसान, गरीब, महिला उत्पीड़न, भष्ट्राचार पीड़ित आम नागरिकों, छात्रों व मजदूरों पर होने वाले मानवाधिकार अन्याय को रोकने के लिए सघर्ष करते हुये, शासन-प्रशासन को घटनाओं से अवगत कराकर उनको सहयोग करते हुये पीड़ित व्यक्तियों की जनहित व न्यायहित में सहायता करने वाला संगठन है, यह संगठन केन्द्र सरकार से पंजीकृत संगठन है, जो कि पर्यावरण सुरक्षा एवं भ्रष्ट्राचार निवारण के लिए भी कार्य करता है, नवीन शर्मा की नियुक्ति पर संगठन के महामंत्री शमशेर परमानी, उपाध्यक्ष गणेश दत्त दाधीच, ललित शर्मा, संगठन मंत्री विरेन्द्र सिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष शशिकर चिरोरा, मंत्री संतोष कुमार शर्मा, बारां जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार शर्मा, कोटा देहात जिलाध्यक्ष रघुवीर प्रसाद नागर सहित संभाग कार्यकारिणी सदस्यों पुरूषोत्तम अजमेरा, सोहन लाल शर्मा, राजकुमार विजय, भगवान दास, जगदीश चन्द सुमन, दिनेश कुमार सहित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने इस नियुक्ति पर उन्हे बधाई दी है ।

## चार लाख रूपये गांजे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



हमारा समाचार

**टोंक।** जिला स्पेशल टीम द्वारा नशे के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना उनियारा क्षेत्र के पलई में करीबन 4 लाख रूपये का 8 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद कर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक मोटरसाईकिल व दो मोबाईल फोन को जप्त किया है। जिला स्पेशल टीम प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि गठित टीम द्वारा नशे के विरुद्ध लगातार प्रहार करते हुए उनियारा थाना क्षेत्र के पलई क्षेत्र में छापामार कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति कृष्ण पुत्र कपूर चंद शर्मा (33) ब्राह्मण निवासी काशपुरिया पुलिस थाना नैनवा जिला बूंदी एवं भैरूलाल पुत्र राधा कृष्ण (44) निवासी गोड़ा की झोपडियां पुलिस थाना उनियारा के कब्जे से करीबन 4 लाख रूपये कीमत का 8 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया, दोनों आरोपियों के विरुद्ध पुलिस थाना उनियारा पर एनडीपीएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जाकर नशे के नेटवर्क की गहनता से जांच की जा रही है। आरोपियों के कब्जे से एक मोटरसाइकिल व दो मोबाइल फोन भी जप्त किए गए हैं, गिरफ्तार आरोपियों द्वारा लगातार काफी समय से पलई क्षेत्र में गांजे की सप्लाई की जा रही थी, जिसको जिला स्पेशल टीम की इस कार्रवाई से नाकाम किया गया है, जिला स्पेशल टीम द्वारा नशे के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## इंस्टामार्ट और कल्याण ज्वैलर्स की पहल से अक्षय तृतीया पर सोना खरीदना हुआ आसान

हमारा समाचार

**बेंगलुरु।** अक्षय तृतीया के अवसर पर सोने की खरीदारी को सरल और भरोसेमंद बनाने के लिए इंस्टामार्ट और कल्याण ज्वैलर्स ने मिलकर 'स्वर्ण मूल्य सुरक्षा' सुविधा शुरू की है। इस व्यवस्था के तहत ग्राहक आज के सोने के भाव को पहले से सुरक्षित कर सकते हैं और अक्षय तृतीया के दिन उन्हें वही कीमत देनी होगी जो कम हो—चाहे बुकिंग के समय का भाव हो या उस दिन का बाजार भाव। अक्षय तृतीया पर सोना खरीदना शुभ माना जाता है, इसलिए ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है। 10 से 16 अप्रैल 2026 के बीच ग्राहक इंस्टामार्ट अनुप्रयोग के माध्यम से कल्याण ज्वैलर्स के भारतीय मानक ब्यूरो हॉलमार्क युक्त 24 कैरेट सोने के सिक्के केवल 5 प्रतिशत अग्रिम राशि देकर पहले से बुक कर सकते हैं।

0.5 ग्राम के सिक्के के लिए यह राशि 500 से प्रारंभ होती है। 19 अप्रैल को सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच ग्राहक अपनी खरीद पूरी कर सकते हैं और उन्हें दोनों में से कम कीमत का लाभ मिलेगा। इंस्टामार्ट के विकास उपाध्यक्ष अर्जुन चौधरी ने कहा कि यह सुविधा ग्राहकों को बिना किसी जोखिम के बेहतर मूल्य पर सोना खरीदने का अवसर देती है। वहीं, कल्याण ज्वैलर्स के कार्यकारी निदेशक रमेश कल्याणरमन ने बताया कि यह सुविधा अब त्वरित सेवा मंच के माध्यम से अधिक लोगों तक पहुंच रही है और इससे ग्राहकों को खरीदारी में आसानी होगी। पहले से बुकिंग करने वाले ग्राहकों को एक निःशुल्क चांदी का सिक्का भी दिया जाएगा, जिससे यह पहल और अधिक आकर्षक बन गई है।

# राज्यपाल ने कहा डॉ. अम्बेडकर ने देश को सामाजिक समरसता का मंत्र ही नहीं दिया बल्कि राष्ट्र सर्वोच्च है,यह दृष्टि भी दी

### बाबा साहेब भारतीय संस्कृति में रचे—बसे मूल्यों से जुड़े महामना थे

हमारा समाचार




**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर व्यक्ति नहीं अपने आप में संस्था थे। उन्होंने देश को सामाजिक समरसता का मंत्र ही नहीं दिया बल्कि राष्ट्र सर्वोच्च है, यह दृष्टि भी दी। वह संविधान और भारतीय संस्कृति में रचे-बसे मूल्यों से जुड़े महामना थे। उन्होंने कहा कि महामना वह होता है जो मनुष्य जैसा ही होते हुए भी अपने विचारों से और कर्म से जीते जी महानतम विचारों का आलोक देता है। राज्यपाल बागडे डॉ. अम्बेडकर की 135 वीं जयंती पर आयोजित समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपने अध्ययन का बहुत सारा समय डॉ. अम्बेडकर ने देश-दुनिया के कानूनों को जानने और समझने में ही व्यतीत किया था। इसी से विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत का महान संविधान हमें तैयार कर उन्होंने दिया। बागडे ने कहा कि बाबा साहेब ने अपना पूरा जीवन वंचित वर्ग के कल्याण को समर्पित किया था। बॉम्बे विधानसभा में वर्ष 1938 में उन्होंने कहा था, ''मैं चाहता हूं कि समस्त लोग पहले भारतीय हों, और अंततः भारतीय हों तथा भारतीय के सिवाय और कुछ भी नहीं हों।'' राज्यपाल ने कहा कि बाबा साहेब ने राष्ट्र प्रथम की सोच हमें दी और कहा था कि राष्ट्र के हितों को सदा अग्रणी रखें। डॉ. अम्बेडकर के विचार वास्तविक रूप में उस राष्ट्रवाद से ही जुड़े हैं जिनमें व्यक्ति और व्यक्तियों के बीच जातियों, वर्णों, वर्गों, धर्मों में किसी तरह का कोई भेद नहीं है। उन्होंने शिक्षा और जागरूकता के लिए सदा काम किया। डॉ. अम्बेडकर ने 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' का नारा दिया।

बागडे ने बाबा साहेब अम्बेडकर के विचारों को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि वह युगपुरूष थे। उन्होंने डॉ. अम्बेडकर द्वारा देश में रोजगार केंद्रों की स्थापना, दामोदर घाटी परियोजना, हीराकुंड परियोजना तथा सोन परियोजना आदि की स्थापना में रही महत्वपूर्ण भूमिका को स्मरण करते हुए उनकी उदात्त दृष्टि से सीख लेने का आह्वान किया।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर अदालत चौराहा पर श्रद्धांजलि, समाजसेवियों ने किया माल्यार्पण

हमारा समाचार




**जयपुर।** भारत के संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर मानव कल्याण समिति राजस्थान द्वारा अदालत चौराहा स्थित उनके प्रतिमा पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष हेमंत विजयवर्गीय , समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम नामा महासचिव यज्ञदत्त हाड़ा, अरुण भार्गव, कोषाध्यक्ष केशव मित्तल,विजय माहेश्वरी, जगदीश शर्मा, नेमीचंद विजयवर्गीय , हंसा त्यागी, नीरज कुमारी आदि ने माल्यार्पण कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री हेमंत विजय वर्गीय ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिभा अदिवतीय होने के कारण 15 अगस्त 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद देश के प्रथम कानून मंत्री बने और उन्होंने देश के संविधान का निर्माण किया. वे समरसता के प्रतीक व हिंदी के प्रबल समर्थक थे यद्यपि उन्होंने संविधान बनाया था ।

लेकिन वह धारा 370 के प्रबल विरोधी थे उन्होंने जीवन भर देश की एकता व समरसता पर काम किया. कार्यक्रम का संचालन महासचिव यज्ञदत्त हाड़ा ने किया और अंत में सभी का धन्यवाद केशव मित्तल ने किया।

## शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज को दिया भगवान परशुराम प्राकट्य महोत्सव शोभा यात्रा का निमंत्रण

हमारा समाचार



**कोटा।** जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज कोटा प्रवास के दौरान भगवान परशुराम प्राकट्य महोत्सव 2026 के उपलक्ष्य में निकाली जाने वाली भव्य शोभायात्रा का निमंत्रण पत्र ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ समाजसेवी अरुण भार्गव के नेतृत्व में देकर आमंत्रित किया गया निमंत्रण पत्र पाकर पूर्ण रूप से उसको पढ़ा और आशीर्वाद प्रदान किया।निमंत्रण पत्र देने में अरुण भार्गव के साथ आकाश भार्गव, राजेंद्र डॉ लवली, डॉ निशिता दीक्षित भी उपस्थित रहे। इस कार्य में को प्रभारी मांगीलाल नागर, गौ सेवक केके माहेश्वरी , डॉ. महेंद्र गर्ग का सहयोग रहा। शंकराचार्य जी ने शोभायात्रा की सफलता के लिए आशीर्वाद प्रदान कर उसके बाद पुष्कर के लिए रवाना हो गए बहुत अधिक संख्या में उनका आशीर्वाद लेने के लिए लोग उपस्थित थे।

## मेघवाल समाज ने रैली निकालकर दी डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि




हमारा समाचार

**कोटा।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर अखिल हाड़ौती मेघवाल युवा समिति द्वारा कोटा में रैली का आयोजन किया गया। रैली गणेश नगर स्थित मेघवाल छात्रावास से प्रारंभ हुई। जहाँ समाज के युवाओं और वरिष्ठ जनों ने एकत्रित होकर बाबा साहेब के आदर्शों को याद किया। रैली के दौरान समाज के लोगों में भारी उत्साह देखा गया और नीले ध्वजों के साथ 'जय भीम' के नारों से पूरा मार्ग गुंजायमान रहा। रैली मेघवाल छात्रावास से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई नयापुरा कलेक्ट्री चौराहे पर स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर संपन्न हुई। यहाँ समिति के पदाधिकारियों और समाज के गणमान्य नागरिकों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

इस दौरान महानगर अध्यक्ष कमल मेघवाल ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए समाज को शिक्षित और संगठित होने का संदेश दिया। समिति के संभागीय महामंत्री चेतन प्रकाश वर्मा ने बताया कि इस ऐतिहासिक रैली में अखिल हाड़ौती के संभागीय अध्यक्ष रामचंद्र मेघवाल, कोषाध्यक्ष फूलचंद गुजारिया, उपाध्यक्ष हनुमान मेघवाल, कोटा महानगर अध्यक्ष कमल मेघवाल तथा कोटा देहात अध्यक्ष व पूर्व प्रधान राजेंद्र मेघवाल सहित भारी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और युवा उपस्थित रहे।

## मेहता ने बाबा साहेब को किया नमन

हमारा समाचार

**टोंक ।** जिला मुख्यालय पर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वी जयन्ती पर पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता ने घण्टाघर पर स्थित बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर जय कारे लगाये। मेहता ने कहा कि बाबा साहेब द्वारा बनाये गये संविधान को 140 करोड़ लोग की आस्था का केन्द्र हर व्यक्ति को अधिकार दिलाने वाले बाबा साहेब की जयंती पर सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी। देश में छोटे से छोटे व्यक्ति को व बड़े से बड़े व्यक्ति को अपने अधिकार दिलाने का काम किया है, सभी समाजों के पूजनीय व आस्था का केन्द्र है, आज भारत एक विश्व गुरु की और बढ़ रहा है, जितनी कुरुतीयों को खत्म करने कासघर्ष किया है, हर व्यक्ति को सम्मान दिलाया है, उसे भुलाया नहीं जा सकता है। उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलकर हम देश को विश्व गुरु बनाने में आगे बढ़ रहे है, एक दिन ऐसा आयेगा कि भारत पूरे विश्व में डंका बजेगा। ऐसे महापुरुष को नमन करता हुं। इस अवसर पर पण्डित दीनदयाल मण्डल अध्यक्ष विष्णु चावला, पूर्व प्रधान खेमराज मीणा, गुडडु चावला, सत्यनारायण सैन, गौरव चारण, नरैन्द सैनी, शिवराज चावला, विजय चावला एवं पुष्पेन्द जैन आदि कायकर्ता मौजूद रहे।

## गोटन में डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती हर्षोल्लास से मनाई




हमारा समाचार

**गोटन।** कस्बे के श्री यादे मंदिर में मंगलवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। रामदेव प्रजापत ने बताया कि संविधान निर्माता अंबेडकर की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, जिसमें गोटन के गणमान्य नागरिकों सहित संघ के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला घोष प्रमुख विनोद कुमार ने अंबेडकर के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने संविधान में दलित, पिछड़े और मजदूर वर्ग के हितों के लिए अनेक महत्वपूर्ण कानून बनाए, जिससे समाज के कमजोर वर्गों को बड़ा लाभ मिला। उन्होंने कहा कि अंबेडकर ने हमेशा राष्ट्र को सर्वोपरि रखा और अस्पृश्यता, छुआछूत समाप्त करने तथा सामाजिक समरसता बनाए रखने पर जोर दिया। वर्तमान समय में हमें उनके आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है। समारोह में पूर्व शिक्षा अधिकारी मदनलाल जमेरिया, खंड कार्यवाह बालकिशन, अंबेडकर वेलफेयर संस्थान के अध्यक्ष रामपाल जमेरिया ने भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान रामकिशोर प्रजापत, चूनाराम प्रजापत, श्रीराम रेगर, मोतीलाल जमेरिया, मोर्य, भोलाराम प्रजापत, मंगलाराम प्रजापत, भोजराज प्रजापत, राजेंद्र प्रजापत, चुन्नीलाल प्रजापत सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## अकबर खान ने किया मल्टी स्पेशयलिटी सेंटर का शुभारंभ

हमारा समाचार



**टोंक ।** रेल लाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अकबर खान ने लाईफ केयर हॉस्पिटल बौंली मल्टी स्पेशयलिटी सेंटर का शुभारंभ किया। समारोह में अकबर खान ने निदेशक डॉ. इरफान एंव डॉ. अशफ़ाक को बधाई दी। समारोह में अकबर खान को माला, साफा, मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अकबर खान ने हॉस्पिटल के उद्घाटन पर कहा कि मैं बधाई देने चाहूँगा डॉ. इरफान एंव डॉ अश्रफ़ाक को जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से चाकसू में लाईफ केयर हॉस्पिटल की प्रथम ब्रांच की सफलता के बाद तहसील बौली में कदम रखा है, उम्मीद है कि इस मल्टी स्पेशयलिटी सेंटर से यहां के लोगों को राहत पहुंचेगी।

## भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन

हमारा समाचार




**कोटपूतली।** जिला मुख्यालय कोटपूतली शहर के भगवान श्री परशुराम मंदिर प्रांगण में सोमवार को नगर ब्राह्मण समाज की बैठक भगवान परशुराम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा के निर्देशन व नगर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बजरंग लाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें विप्रजनों ने अपने- अपने विचार प्रस्तुत किये। बैठक में आगामी 19 अप्रैल अक्षय तृतीया को भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव मंदिर प्रांगण में प्रातः 08 बजे से आयोजित किया जायेगा। जिसमें भगवान का अभिषेक कर भोग लगाने तथा सुन्दरकांड समेत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। साथ ही आगामी 26 अप्रैल का सायं 04 बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी। बैठक में जिम्मेदारियों का वितरण किया गया। नगर अध्यक्ष बजरंग लाल शर्मा ने मंदिर प्रबंध कमेटी व नगर ब्राह्मण समाज के कार्यों व वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 16 अप्रैल को आमसभा में भगवान परशुराम मंदिर प्रबंध कमेटी का विस्तृत आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करने तथा भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियों के संदर्भ में बैठक का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर कपिल शर्मा उर्फ गोलू ने मंदिर परिसर में पुर्ण निर्मित कमरों व परिसर में स्वंय के खर्चे से बिजली का कार्य करवाने की घोषणा की तथा मंगलवार से कार्य प्रारम्भ होने का आश्वासन भी दिया। बैठक में जनार्दन पटवारी, रामौतार गौड़, मूलचन्द शर्मा, नागेन्द्र वैद्य, मिथलेश शर्मा, राधेश्याम शर्मा, ओमप्रकाश सारस्वत, सत्यनारायण शर्मा, अरूण शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, वी के नवल, रामगोपाल शर्मा, दीनदयाल गौड़, सुन्दरलाल शर्मा, संजय शर्मा, मनोज शर्मा, भास्कर शर्मा (मोलाहेड़ा), मुकलेश दीक्षित, अविनाश भारद्वाज, अजय शर्मा, अमित शर्मा, ऋषि भारद्वाज, महेन्द्र तिवाड़ी, अनिल शर्मा, सुमन शर्मा, ब्रह्मानंद शर्मा, शशिकान्त शर्मा, सुन्दर शर्मा, आशु शर्मा, शक्ति शर्मा सहित सैकड़ों विप्र बंधु मौजूद रहे।

## जनगणना ड्यूटियों में संवेदनशीलता बरतने की मांग, प्रशासन ने दिया सकारात्मक आश्वासन

हमारा समाचार



**रतनगढ़।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत, उपशाखा रतनगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने सभाध्यक्ष रामचंद्र ऐचरा के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार से मुलाकात कर जनगणना ड्यूटियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। ब्लॉक सचिव मुरलीधर अजमेरिया एवं संघर्ष समिति संयोजक बजरंग बिस्सू ने बताया कि संगठन ने विशेष रूप से महिला शिक्षकों, दिव्यांग शिक्षकों, बीमार शिक्षकों, सेवानिवृत्ति के निकट कार्यरत शिक्षकों तथा छोटे बच्चों वाली महिला शिक्षकों को ड्यूटी निर्धारण में प्राथमिकता देते हुए संवेदनशीलता बरतने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से कहा कि ड्यूटी आवंटन करते समय इन श्रेणियों के शिक्षकों को राहत दी जाए, जिससे वे अपनी पारिवारिक, स्वास्थ्य संबंधी एवं व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के साथ संतुलन बनाए रख सकें। उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि इन सभी विषयों पर सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए जनगणना ड्यूटियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। वार्ता में प्रांतीय संयुक्त मंत्री शुभकरण नैण, उपसभाध्यक्ष महेंद्र सिंह शेखावत एवं वरिष्ठ शिक्षक नेता महेंद्र हुड्डा भी उपस्थित रहे।

## बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती का आयोजन किया

हमारा समाचार

**टोंक ।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती पर डॉ. अम्बेडकर शिक्षण संस्थान टोंक के तत्वाधान में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती का आयोजन किया गया, जिसमें निदेशक सुनील बंसल, सह-निदेशक नवीन त्रिपाठी, प्राचार्य डॉ. जुनेद खान, डॉ. सुरेश जाखड़, मो. हारून, बन्ना लाल जाट, अंकित बंसल, महेश शर्मा व अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे। निदेशक ने डॉ. अम्बेडकर की तस्वीर पर माल्यापर्ण एवं पुष्प अर्जित कर डॉ. अम्बेडकर साहब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए अम्बेडकर को समरसता का प्रतीक बताया तथा दलित वर्ग का मसीहा बताया एवं छात्रों को उनकी जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## जिले के पंच गौरव को लेकर जिला कलक्टर ने ली बैठक

हमारा समाचार



**कोटपूतली ।** राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में विरारात एवं पर्यावरण के संरक्षण के साथ ही आर्थिक उन्नति एवं रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी कर प्रदेश के सभी जिलों के सर्वांगीण विकास हेतु राज्य में पंच गौरव कार्यक्रम शुरू किया गया है। जिले की विरासत एवं पारिस्थितिकी को ध्यान में रखते हुये पंच गौरव के रूप में एक जिला-एक उत्पाद में ऑटोमोबाईल पार्टस, एक जिला-एक उपज में गाजर, एक जिला-एक वनस्पति में गूगल, एक जिला-एक खेल में कुश्ती, एक जिला-एक पर्यटन स्थल में बैराठ चिन्हित किये गये हैं। योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में पंच गौरव कार्यक्रम के लिये प्राप्त बजट से योजना के प्रभावी क्रियान्वयन सहित आवश्यक कार्ययोजना एवं प्रस्ताव तैयार करने के संबंध में चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने पंच गौरव के संरक्षण और संवर्धन व प्रचार-प्रसार के लिये वन, कृषि, उद्योग, पर्यटन और खेल विभाग को ठोस कार्ययोजना व बजट खर्च प्रस्ताव बनाने के लिये निर्देशित कर कहा की पंच गौरव के लिये विस्तृत रोड़मैप बनायें। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना में विज्ञापन, उत्सव, प्रचार स्टॉल, कार्यशाला, बुकलेट, पम्पलेट पर आवश्यक व्यय की कार्य योजना तैयार हो। बैठक में जीएम डीआईसी भंवरलाल सैनी, ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी बाबूलाल बैरवा एवं विषम्भर दयाल गुर्जर, संयुक्त निदेशक कृषि लीलाराम जाट, एसीएफ तरुण प्रकाश यादव सहित समबन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

मुंडोता गांव में निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित, गांव व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने लिया भाग

# चिरंजीवी हॉस्पिटल का जनसेवा अभियान.. मुंडोता में 'सैकड़ों ग्रामीणों को मिला लाभ'!

विशेषज्ञ परामर्श के साथ स्वास्थ्य जांच सुविधा उपलब्ध कराई गई, डॉ. राजपाल सिंह लांबा ने मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी, बीपी, शुगर, मौसमी बीमारियों और प्रोस्टेट-पथरी पर दी जानकारी

हमारा समाचार

**जयपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच को मजबूत बनाने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए चिरंजीवी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रामकुटिया आशियाना मंगलम की ओर से कस्बे के मुंडोता गांव में एक विशाल निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गांव और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और स्वास्थ्य जांच के साथ विशेषज्ञ परामर्श का लाभ उठाया।
शिविर के दौरान करीब 120 ग्रामीणों की निःशुल्क बीपी और शुगर जांच की गई। सुबह से ही शिविर स्थल पर लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी, जहां पुरुषों,




महिलाओं और बुजुर्गों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। कई लोगों ने पहली बार नियमित स्वास्थ्य जांच करवाई, जिससे उन्हें अपनी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। शिविर में अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. राजपाल सिंह लांबा ने स्वयं उपस्थित रहकर मरीजों की समस्याएं सुनीं और उन्हें परामर्श दिया। उन्होंने ग्रामीणों को बीपी और शुगर जैसी लाइफस्टाइल बीमारियों



के बढ़ते खतरे के बारे में जागरूक किया और समय-समय पर जांच करवाने की सलाह दी। इसके साथ ही उन्होंने मौसमी बीमारियों, पेशाब संबंधी समस्याओं, पथरी और प्रोस्टेट जैसी बीमारियों के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर लोग शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे बीमारी गंभीर रूप ले लेती है। ऐसे में समय पर जांच और चिकित्सकीय सलाह बेहद जरूरी है। शिविर के माध्यम से लोगों को यह समझाने का प्रयास किया गया है कि नियमित स्वास्थ्य जांच से कई गंभीर बीमारियों का समय रहते पता लगाया जा सकता है और उनका प्रभावी इलाज संभव है।
शिविर के आयोजन में अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ सुरेश चौधरी, भैरूराम और श्याम सुंदर ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने जांच प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित किया और ग्रामीणों को आवश्यक सहयोग प्रदान किया। पूरे शिविर के दौरान व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहीं, जिससे लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से उन्हें शहर जाए बिना ही विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श मिल जाता है, जो उनके लिए काफी लाभकारी है। कई लोगों ने भविष्य में भी इस तरह के शिविर नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की, ताकि गांव स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सकें। इस तरह का शिविर न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने का माध्यम बना, बल्कि ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## जोबनेर में नई टीम और नए तेवर, ढकरवाल बने राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ जोबनेर के अध्यक्ष

हमारा समाचार



**जयपुर।** राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ, पंचायती राज जयपुर की उपशाखा जोबनेर में ब्लॉक स्तर की नई कार्यकारिणी के चुनाव कालख बालाजी मंदिर परिसर में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित की गई, जिसमें सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। चुनाव का संचालन एवं निगरानी निर्वाचन अधिकारियों सतवीर सिंह चौधरी और कमल किशोर शर्मा द्वारा की गई। दोनों अधिकारियों की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराई गई, जिससे पूरी कार्यवाही सुचारू रूप से आगे बढ़ी और किसी प्रकार का विवाद सामने नहीं आया। चुनाव परिणामों के अनुसार राहुल ढकरवाल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं दिलदार गोदारा को ब्लॉक मंत्री के रूप में चुना गया। इसके साथ ही ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राजूराम जांगिड़, सुमेर बिजानिया और रामगोपाल गुर्जर का चयन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों द्वारा नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, ग्राम विकास अधिकारियों के हितों की रक्षा करने तथा पंचायती राज व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने पर विशेष जोर दिया गया। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने भी संगठन के प्रति अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाने का आश्वासन दिया और कहा कि वे सभी साथियों के सहयोग से संगठन को मजबूत बनाएंगे तथा ग्राम स्तर पर विकास कार्यों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देंगे। कुल मिलाकर जोबनेर इकाई में यह चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और नई कार्यकारिणी के गठन के साथ संगठन में नई ऊर्जा और सक्रियता आने की उम्मीद जताई जा रही है।

## सीनियर डॉक्टर की बिना कंसल्टेंसी डॉ. सोमदेव SMS में भर्तीः हॉस्पिटल अधीक्षक ने भी साधी चुप्पी

हमारा समाचार

**जयपुर।** जयपुर के निविक हॉस्पिटल के डॉक्टर सोमदेव बंसल की गिरफ्तारी के कुछ घंटे बाद तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें सवाई मानसिंह (SMS) हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जिसमें हॉस्पिटल प्रशासन की गंभीर लापरवाही देखने को मिली है। उनकी भर्ती पर्ची पर किसी भी डॉक्टर के साइन नहीं हैं। वहीं इमरजेंसी केस में आए आरोपी मरीज को सीनियर डॉक्टर की बिना कंसल्टेंसी के सीधे जनरल मेडिसिन वार्ड में भर्ती कर दिया। लीगल केस होने पर बिना प्रोटोकॉल के तहत भर्ती करने पर मेडिसिन डिपार्टमेंट के एचओडी ने नाराजगी जताई है। बता दें कि निविक हॉस्पिटल के डॉक्टर सोमदेव बंसल को 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। उसी दिन उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया था। सीनियर डॉक्टर का कहना है कि मरीज की प्रारंभिक जांच के आधार पर उसे किस विभाग में भर्ती करना है। यह सीनियर डॉक्टर ही तय करता है।




इस मामले में एक रेजीडेंट ने भर्ती कर जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया। यह नियम के खिलाफ है। वहीं मामले में हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. मृणाल जोशी भी चुप्पी साधे हैं।

**मेडिकल बोर्ड का किया गठन**

स्स्स हॉस्पिटल प्रशासन ने मेडिकल लीगल केस होने के कारण मरीज की जांच के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया है। इसमें कार्डियक, न्यूरोलॉजी, जनरल मेडिसिन और फोरेंसिक मेडिसिन के डॉक्टर शामिल हैं। हालांकि 24 घंटे से ज्यादा समय होने के बाद भी मरीज की जांचें पूरी नहीं हो सकी है।

**प्रारंभिक जांच रिपोर्ट आई सामान्य**

जनरल मेडिसिन की यूनिट-9 में भर्ती डॉ. सोमदेव बंसल की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट नॉर्मल आई है। इसमें ब्लड रूटिन जांच के अलावा ईसीजी और सिटी स्कैन कराई गई है। यह सभी रिपोर्ट सामान्य आई है। वहीं अब बोर्ड ने अन्य जांचें भी करवाई हैं, जिसकी रिपोर्ट आना बाकी है। इस रिपोर्ट के आधार पर ही आगे निर्णय लिया जाएगा।

**भर्ती पर्ची में रेजीडेंट-सीनियर डॉक्टर के साइन नहीं**

डॉक्टर सोमदेव बंसल के भर्ती मामले में हॉस्पिटल प्रशासन की बड़ी लापरवाही भी सामने आई है। मेडिसिन डिपार्टमेंट की तरफ से लिखे पत्र के मुताबिक न तो भर्ती पर्ची पर किसी रेजीडेंट डॉक्टर ने साइन किए और न ही किसी सीनियर डॉक्टर की कंसल्टेंसी ली गई।

**आरोपियों के लिए दूसरा जेल बना एसएमएस अस्पताल**

किसी न किसी अपराध में जेल जाने वाले आरोपियों के लिए सवाई मानसिंह हॉस्पिटल दूसरा जेल बन गया है। यहां जेल से बचने के लिए आरोपी मरीज (रसूखात वाले) बीमारी का बहाना बनाकर (SMS)अस्पताल में भर्ती हो जाते हैं। 1 लाख रुपए की रिश्वत मामले में भी डॉ. मनीष अग्रवाल के साथ ऐसा ही हुआ था। जेल जाने के बाद डॉ. अग्रवाल ने भी तबीयत खराब होने की बात कही और एसएमएस अस्पताल में 2 दिन भर्ती हो गए। बाद में जांच में तमाम रिपोर्ट नॉर्मल मिली, तब उन्हें हॉस्पिटल प्रशासन ने वापस छुट्टी करके जेल भेजा।

## पायलट बोले- महिला आरक्षण बिल पर सर्वदलीय बैठक बुलाए सरकारःबीजेपी को हार का डर है

हमारा समाचार

**जयपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने महिला आरक्षण बिल पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है। पायलट ने कानून व्यवस्था और पंचायत, निकाय चुनाव टालने के मुद्दे पर सरकार पर तंज कसा है। पायलट ने कहा- सरकार को न कोर्ट की चिंता है, न जनता की। पंचायत चुनावों को अड़चन लगाकर टाला जा रहा है। नरेगा का काम भी लगभग समाप्त हो चुका है। प्रशासनिक अधिकारी जनता की भावनाओं और उनकी परेशानियों के प्रति चिंतित नहीं हैं। सरपंच, पार्षद, मेयर ये सब महत्वपूर्ण पद हैं, जिन्हें टाला जा रहा है क्योंकि भाजपा में हार का डर है। पायलट प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

**कांग्रेस पार्टी महिलाओं को आरक्षण देने के हक में**

महिला आरक्षण पर पायलट ने कहा- कांग्रेस पार्टी महिलाओं को आरक्षण देने के लिए समर्पित और प्रतिबद्ध है। डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार के समय सोनिया गांधी के नेतृत्व में महिला आरक्षण पर बिल बनाया था, वो बिल उस समय संसद में पास नहीं हो पाया था। बीजेपी ने उसका लोकसभा में



विरोध किया था। आज वो बिल ला रहे हैं तो हम चाहते हैं महिलाओं को आरक्षण मिलना चाहिए, लेकिन उसकी आड़ में प्रक्रिया से खिलवाड़ न करें, जो परिसीमन आयोग बनने से पहले ही चर्चा हो रही है। अब पता नहीं, पार्लियामेंट में क्या बिल आएगा। अभी जानकारी किसी को नहीं है लेकिन एक सर्वदलीय बैठक बुलाकर इस बिल पर चर्चा होनी चाहिए। इसके बाद संसद का सत्र होना चाहिए। कांग्रेस पार्टी महिलाओं को हक,अधिकार देने के लिए समर्पित है, हम चाहते हैं कि यह हो लेकिन नियम, प्र?क्रियाओं का पालन हो। पायलट ने कहा- जनगणना होने जा रही है, उसके जल्द परिणाम आ जाएंगे,उसका इंतजार करना चाहिए। जनगणना के आंकड़ों के आधार पर परिसीमन की चर्चा हो सकती है, सब महिलाओं को आरक्षण मिले यह हम चाहते हैं।

**राजधानी में कानून व्यवस्था का यह हाल है तो बाकी जिलों का क्या होगा?**

पायलट ने कहा- अधिकारियों को न्यायपूर्ण कार्रवाई करने की छूट देनी होगी और राजनीतिक हस्तक्षेप बंद करना होगा। जब राजनीतिक दखल होता है तो अधिकारी काम नहीं कर पाते। सदन में बहुत घोषणाएं होती हैं लेकिन वे धरातल पर नहीं उतर पाई है।

**केरल,असम में कांग्रेस सरकार बनने का दावा**

पांच राज्यों में चुनाव को लेकर पायलट ने कहा- मैंने केरल में समय बिताया है, वहां बंपर वोटिंग हुई है जो बदलाव का संकेत है। असम में भी कांटे की टक्कर है और मुझे विश्वास है कि वहां कांग्रेस पार्टी बहुमत में आएगी। पूरे देश में लोग वर्तमान शासन से ऊब चुके हैं और अब बदलाव चाहते हैं।

**संविधान के प्रावधानों का सरेआम मजाक उड़ाया जाता है**

पायलट ने कहा- अंबेडकर साहब ने इस देश के लिए जो किया, वह शायद किसी व्यक्ति की ओर से देश को दिया गया सबसे बड़ा वरदान है।
उस समय की विपरीत परिस्थितियों और समाज के हालातों के बावजूद, उन्होंने सालों की कड़ी मेहनत और अध्ययन से एक ऐसा संविधान बनाया जो आज भी प्रासंगिक है। आज मुझे लगता है कि इसकी ज्यादा जरूरत है क्योंकि कई बार हम देखते हैं कि संविधान की मूल भावना और उसके प्रावधानों का सरेआम मजाक उड़ाया जाता है और उसकी अवमानना की जाती है।

**संविधान के केवल मत्था टेकते हैं, लेकिन काम उसके विपरीत**

पायलट ने कहा- आज हमें प्रण लेना चाहिए विशेषकर उन लोगों को जो सरकारों में बैठे हैं कि क्या हम उस संविधान की रूपरेखा को पूरी तरह फॉलो कर रहे हैं? बहुत जगहों पर लोग संविधान को सिर्फ माथा टेकने का काम करते हैं, लेकिन जब काम उसके विपरीत होता है, तो बाबा साहब के सपनों को पूरा करने में हम कमी कर रहे होते हैं। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा संविधान को सबसे पवित्र ग्रंथ माना है जो सबको साथ लेकर चलता है।

## स्टे के बावजूद विकसित हो रही अवैध कॉलोनी.. जेडीए जोन 12 में 'मिलीभगत का खेल उजागर'!

सांचोती के खसरा संख्या 156 की विवादित जमीन पर यथास्थिति आदेश के बीच जारी है समतलीकरण और प्लॉटिंग

हमारा समाचार

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में जमीन और कॉलोनाइजेशन से जुड़े विवादों के बीच एक और बड़ा मामला सामने आया है, जहां जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के जोन-12 क्षेत्र में स्थित सांचोती गांव की खसरा संख्या 156 की जमीन पर कथित रूप से अवैध कॉलोनी विकसित किए जाने का खेल चल रहा है। मामला इसलिए भी गंभीर माना जा रहा है क्योंकि संबंधित भूमि को लेकर पहले से विवाद बना हुआ है और इस पर यथास्थिति बनाए रखने के आदेश भी लागू बताए जा रहे हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार खसरा संख्या 156 की यह जमीन सांचोती की मानी जाती है और इस पर लंबे समय से स्वामित्व व उपयोग को लेकर विवाद बना हुआ है। इसके बावजूद, आरोप है कि जमीन पर



लगातार डम्पर और मशीनों की आवाजाही हो रही है और बड़े स्तर पर समतलीकरण तथा प्लॉटिंग की गतिविधियां जारी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह सब खुलेआम हो रहा है, जिससे यह आशंका और गहराती है कि यहां व्यवस्थित तरीके से अवैध कॉलोनी बसाने की तैयारी चल रही है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब इस भूमि पर यथास्थिति के आदेश लागू हैं। ऐसे में ऐसी गतिविधियां किस तरह जारी हैं? आमतौर पर ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार का निर्माण या भूमि उपयोग में बदलाव प्रतिबंधित होता है, लेकिन यहां जमीन पर गतिविधियां जारी रहने से आदेशों की प्रभावशीलता पर ही सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों का आरोप है कि इस पूरे मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों को है, इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। उनका कहना है कि यदि समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में यह जमीन पूरी तरह कॉलोनी के रूप में विकसित हो सकती है, जिससे विवाद और गहरा जाएगा और भविष्य में कानूनी जटिलताएं भी बढ़ेंगी। इस पूरे घटनाक्रम ने जेडीए की कार्यप्रणाली और निगरानी तंत्र पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस क्षेत्र में प्राधिकरण की सीधी जिम्मेदारी बनती है, वहां इस प्रकार की गतिविधियों का लगातार जारी रहना प्रशासनिक सतर्कता पर प्रश्नचिन्ह लगाता है।
विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि प्रारंभिक स्तर पर ही ऐसी गतिविधियों को नहीं रोका गया, तो बाद में इन्हें नियंत्रित करना और अधिक कठिन हो जाता है।

### स्थानीय निवासियों ने की जेडीए और जिला प्रशासन से संयुक्त निरीक्षण की मांग, बढ़ता जा रहा आक्रोश

क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि जेडीए और जिला प्रशासन संयुक्त रूप से मौके का निरीक्षण करें और यदि अवैध निर्माण की पुष्टि होती है, तो तुरंत प्रभाव से कार्य रुकवाते हुए जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, जमीन की स्थिति और उस पर लागू आदेशों को सार्वजनिक किया जाए, ताकि किसी भी तरह की अस्पष्टता समाप्त हो सके। कुल मिलाकर, सांचोती की इस जमीन पर जारी गतिविधियां न सिर्फ एक स्थानीय विवाद का मामला हैं, बल्कि यह इस बात का भी संकेत देती हैं कि यदि निगरानी और कार्रवाई में ढिलाई बरती गई तो अवैध कॉलोनाइजेशन का यह सिलसिला आगे भी जारी रह सकता है। अब नजर इस बात पर है कि प्रशासन इस मामले में कितनी तेजी और सख्ती से कदम उठाता है।

### स्टे ऑर्डर के बावजूद धड़ल्ले से जारी है निर्माण, प्रशासन ने मोड़ लिया मुंह

किसी भी विवादित भूमि पर जब यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया जाता है, तो इसका सीधा अर्थ होता है कि जमीन की मौजूदा स्थिति में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता। यानी न तो वहां निर्माण किया जा सकता है, न ही भूमि उपयोग बदला जा सकता है और न ही किसी प्रकार की प्लॉटिंग या विकास गतिविधि की अनुमति होती है। सांचोती की खसरा संख्या 156 के मामले में यदि यथास्थिति आदेश लागू है तो जमीन पर मशीनों की आवाजाही, समतलीकरण या कॉलोनी विकसित करने जैसी गतिविधियां नियमों के सीधे उल्लंघन की श्रेणी में आ सकती हैं। अवैध कॉलोनाइजेशन में आमतौर पर बिना स्वीकृति के जमीन का समतलीकरण, प्लॉटिंग और सडक़ों का निर्माण किया जाता है, जिसके बाद छोटे-छोटे प्लॉट बेचकर कॉलोनी बसाई जाती है। यह पूरी प्रक्रिया अक्सर बिना जेडीए या संबंधित प्राधिकरण की अनुमति के होती है। सांचोती जैसे मामलों में जहां जमीन पहले से विवादित हो और उस पर आदेश लागू हों, वहां इस तरह की गतिविधियां भविष्य में बड़े कानूनी विवाद, निवेश जोखिम और प्रशासनिक कार्रवाई की वजह बन सकती हैं।

## राजस्थान में 200 अंबेडकर ई-लाइब्रेरी और आवासीय कोचिंग केंद्र की घोषणा

हमारा समाचार

**जयपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सीएम भजनलाल शर्मा ने नगरीय क्षेत्रों में 200 ई लाइब्रेरी खोलने की घोषणा की है। प्रदेश में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को फायदा मिलेगा। साथ ही मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जाति (एससी) के युवाओं के लिए अंबेडकर पीठ मूंडला, जयपुर में अंबेडकर आवासीय कोचिंग केंद्र खोलने की भी घोषणा की है। सीएम भजनलाल शर्मा ने आज ये घोषणाएं भवानी निकेतन परिसर में आयोजित डॉ. बी. आर. अंबेडकर जयंती समारोह के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए की। अपने संबोधन के दौरान सीएम ने कहा कि हमारी सरकार के दो साल में



उठाए गए कदमों का परिणाम है कि प्रदेश में अनुसूचित जाति और जनजाति पर हो रहे अत्याचारों में 28 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

**गांधी परिवार खुद को भारत रत्न देने में व्यस्त रहा**

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब का अपमान किया। उन्होंने बाबा साहब को कभी टिकट नहीं दिया, उसके बाद उन्हें हराने की कोशिश की। कांग्रेस ने नेहरू और इंदिरा गांधी को भारत रत्न देने का काम किया। गांधी परिवार हमेशा खुद को भारत रत्न देने में व्यस्त रहा। लेकिन इन्हें बाब साहेब की याद नहीं आई। डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न 1990 में बीजेपी के समर्थन से बनी सरकार ने दिया। कांग्रेस ने बाबा साहेब के पूरे जीवनकाल में उन्हें कभी उचित सम्मान नहीं दिया। उन्हें मंत्रिमण्डल से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया।

**कांग्रेस वंचित-पिछड़ों के वोट के लिए दिखावा करती है**

सीएम शर्मा ने कहा कि कांग्रेस केवल वंचित-पिछड़ों की बात करती है। वोट और राजनीति के लिए दिखावा करती है। कांग्रेस ने बाबा साहेब के बनाए गए संविधान का सबसे ज्यादा उल्लंखन किया है। कांग्रेस द्वारा थोपे गए आपातकाल को यह देश कभी नहीं भूल सकता है। आपातकाल के समय कांग्रेस ने संविधान की आत्मा को कुचल दिया था। संविधान की मूल भावना को कांग्रेस ने अपने सत्ता लोभ की भेंट चढ़ाया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रामनिवास मंडोलिया के लिए डी.बी. कॉर्प लि. भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, शिवदासपुरा टोंक रोड, जयपुर राज. से मुद्रित एवं 84 मंडोलियों की ढ़ाणी जोबनेर रोड़ कालवाड़ जयपुर, (राज.) से प्रकाशित, संपादक रामनिवास मंडोलिया मो.- 9461162346, सिटी कार्यालयः 42, कोस्मो कॉलोनी, विनायक रजीडेन्सी, वैशाली नगर, जयपुर।